भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग I, खंड 1 में प्रकाशनार्थ
फा.सं. 7/10/2025-डीजीटीआर
भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग
व्यापार उपचार महानिदेशालय
चौथा तल, जीवन तारा बिल्डिंग, 5 संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

अधिसूचना
(अंतिम जांच परिणाम)

दिनांक: 03 मार्च, 2026

मामला सं.-सीवीडी (एसएसआर)-01/2025

विषय : मलेशिया के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "टेक्स्चर्ड टेम्पर्ड ग्लास" के आयातों के संबंध में प्रतिसंतुलनकारी शुल्क/सब्सिडीरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा जांच में अंतिम जांच परिणाम।

फा.सं. 7/10/2025-डीजीटीआर - समय-समय पर यथासंशोधित सीमा प्रशुल्क अधिनियम, (जिसे आगे "अधिनियम" कहा गया है) और उसकी समय समय पर यथा-संशोधित सीमा प्रशुल्क (सब्सिडीयुक्त सामानों की पहचान, उन पर प्रतिसंतुलनकारी शुल्क का मूल्यांकन और संग्रहण तथा क्षति का निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे आगे "सब्सिडीरोधी नियमावली" अथवा "नियमावली" कहा गया है) (जिसे यहां आगे "सीवीडी नियमावली" कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए;

क. मामले की पृष्ठभूमि

1. मेसर्स बोरोसिल रिन्यूएबल्स लिमिटेड (बीआरएल) और विशाखा ग्लास प्राइवेट लिमिटेड (वीजीपीएल) (जिसे इसके बाद "घरेलू उद्योग" या "आवेदक" भी कहा गया है) ने समय-समय पर यथा-संशोधित सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 (जिसे इसके बाद "अधिनियम" कहा गया है) और सीमा प्रशुल्क (अनुदान प्राप्त सामानों पर सब्सिडीयुक्त सामानों पर सब्सिडीरोधी शुल्क की पहचान, मूल्यांकन और संग्रहण तथा क्षति का

निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे इसके बाद 'नियमावली' कहा गया है) के अनुसार मलेशिया (जिसे इसके बाद "संबद्ध देश" कहा गया है) के मूल के अथवा वहां से निर्यातित टेक्सचर्ड टेम्पर्ड कोटेड और अनकोटेड ग्लास (जिसे इसके बाद संबद्ध सामान" या "विचाराधीन उत्पाद या पीयूसी" कहा गया है) के आयातों के संबंध में सब्सिडीरोधी जांच की निर्यायक समीक्षा के लिए निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिसे इसके बाद "प्राधिकारी " कहा गया है) के समक्ष आवेदन-पत्र दायर किया है।

2. संबद्ध सामानों के आयात के संबंध में मूल सब्सिडीरोधी जांच अधिसूचना संख्या 06/13/2019- डीजीएडी दिनांक 12.09.2019 द्वारा शुरू की गई थी। विस्तृत जांच के बाद, प्राधिकारी ने निष्कर्ष निकाला कि (i) संबद्ध देश की सरकार संबद्ध सामानों के उत्पादकों को विभिन्न सब्सिडी प्रदान कर रही थी; (ii) सब्सिडी सीवीडी नियमावली के तहत प्रतिकार योग्य प्रकृति की थी; और (iii) सब्सिडी वाले संबद्ध सामानों के आयातों से घरेलू उद्योग को क्षति हो रही थी। अत:, प्राधिकारी ने अधिसूचना संख्या 06/ 13/2019 दिनांक 11.12.2020 के माध्यम से संबद्ध सामानों के आयातों पर प्रतिसंतुलनकारी शुल्क लगाए जाने की सिफारिश की। सकारात्मक सिफारिश के आधार पर, वित्त मंत्रालय द्वारा अधिसूचना संख्या 3/ 2021 - सीमा शुल्क (सीवीडी) दिनांक 9.3.2021 के माध्यम से निम्नलिखित निश्चयात्मक प्रतिसंतुलनकारी उपाय लगाए गए और ये उपाय 8 जून, 2026 तक लगाए गए थे।

क्र.सं.	उत्पादक	सीआईएफ मूल्य के % के रूप में शुल्क राशि
1	मेसर्स शिनयी सोलर एसडीएन. बीएचडी मलेशिया	9.71%
2	अन्य सभी	10.14%

3. आवेदकों ने आरोप लगाया है कि संबद्ध देश के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध सामानों के लिए सब्सिडी जारी रहने या पुनरावृत्ति की संभावना है और इसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को क्षति हो रही है और उन्होंने संबद्ध देश के मूल के

अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध सामानों के आयातों पर लगाए गए सब्सिडीरोधी शुल्क की समीक्षा करने तथा उसे जारी रखने और उसे बढ़ाए जाने का अनुरोध किया है।

4. सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की धारा 9(6) और सीमा प्रशुल्क नियमावली, 1995 के नियम 24(3) के संदर्भ में लगाए गए प्रतिसंतुलनकारी शुल्क, जब तक कि पहले रद्द नहीं किया जाता है, ऐसे शुल्क लगाए जाने की तारीख से पांच वर्ष की समाप्ति पर प्रभावी नहीं होंगे और प्राधिकारी को यह समीक्षा करने की आवश्यकता है कि प्रतिसंतुलनकारी शुल्क की समाप्ति से सब्सिडी वाले आयात के जारी रहने या पुनरावृत्ति की संभावना है।

5. घरेलू उद्योग की ओर से आवेदकों ने अधिनियम और नियमावली के अनुसार एक आवेदन-पत्र दायर किया, जिसमें मलेशिया के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध सामानों के आयातों के संबंध में प्रतिसंतुलनकारी शुल्क की निर्णायक समीक्षा का अनुरोध किया गया था। आवेदकों ने इस आधार पर संबद्ध सामानों के आयातों पर लगाए गए प्रतिसंतुलनकारी शुल्क जारी रखने की मांग की है कि शुल्कों की समाप्ति से सब्सिडी वाले संबद्ध आयातों के जारी रहने की संभावना है और परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को क्षति होगी। इसके अतिरिक्त, आवेदकों ने शुल्क बढ़ाए जाने की मांग की।

6. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग की ओर से दायर आवेदन-पत्र की जांच की और सब्सिडी जारी रहने और सब्सिडीकरण के जारी रहने/बारबार होने तथा परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को क्षति होने की संभावना के प्रथम दृष्टया साक्ष्य पाए। परिणामस्वरूप, नियमावली के अनुसार, प्राधिकारी ने भारत के राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशित अधिसूचना संख्या 07/ 10/ 2025 - डीजीटीआर, दिनांक 24.6.2025 के माध्यम से संबद्ध जांच शुरू की, ताकि संबद्ध सामानों के संबंध में प्रतिसंतुलनकारी शुल्क लगाया जाना जारी रहने और बढ़ाए जाने की आवश्यकता की समीक्षा की जा सके, और यह जांच की जा सके कि क्या उक्त शुल्कों की समाप्ति से सब्सिडी जारी रहने और घरेलू उद्योग को क्षति होने की संभावना है। डीजीटीआर की सिफारिशों पर वित्त मंत्रालय द्वारा अधिसूचना संख्या 0710/2025-सीमा शुल्क (सीवीडी) पर प्रतिसंतुलनकारी शुल्क बढ़ाया गया था, और शुल्क 8 जून 2026 तक प्रभावी है।

7. वर्तमान समीक्षा के क्षेत्र में संबद्ध सामानों से संबंधित उपरोक्त मूल जांच के सभी पहलू शामिल हैं।

ख. <u>प्रक्रिया</u>

8. जांच के संबंध में नीचे वर्णित प्रक्रिया का पालन किया गया है:

8.1 जांच की शुरुआत

क. प्राधिकारी ने संबद्ध देश से संबद्ध सामानों के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच शुरु करते हुए, भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित दिनांक 24 जून, 2025 की सार्वजनिक सूचना जारी की।

ख. प्राधिकारी ने संबद्ध देश की सरकार को भारत में उनके दूतावास के माध्यम से, संबद्ध देश के ज्ञात उत्पादकों और निर्यातकों, ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं, घरेलू उद्योग, अन्य भारतीय उत्पादकों तथा आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए पतों के अनुसार अन्य हितबद्ध पक्षकारों को जांच की शुरुआत की अधिसूचना की प्रति भेजी। और उनसे अनुरोध किया कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने ज्ञात विचार दें।

8.2 आवेदन-पत्र के अगोपनीय रूपांतर का परिचालन

क. प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 7(3) के अनुसार, ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों और भारत में उनके दूतावास के माध्यम से संबद्ध देश की सरकार को आवेदन-पत्र के अगोपनीय रूपांतर की एक प्रति उपलब्ध कराई। आवेदन-पत्र के अगोपनीय रूपांतर की प्रति, अनुरोध किए जाने पर अन्य हितबद्ध पक्षकारों को उपलब्ध कराई गई थी।

8.3 संबद्ध देश के निर्यातकों द्वारा प्रतिभागिता

क. प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 7(4) के अनुसार संगत सूचना प्राप्त करने के लिए संबद्ध देश में निर्यातकों को एक निर्यातक प्रश्नावली भेजी:

ख. भारत में संबद्ध देश के दूतावास से अनुरोध किया गया था कि वे अपने देश के निर्यातकों/उत्पादकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रश्नावली का उत्तर देने की सलाह दें।

ग. उत्तर में, संबद्ध देश के निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने प्रश्नावली के उत्तर दायर कर, उत्तर दिया है:

(i) शिनयी सोलर (एम) एसडीएन. बीएचडी,

(ii) एसबीएच किबिंग सोलर न्यू मैटेरियल्स (एम) एसडीएन. बीएचडी।

8.4 आयातकों/प्रयोक्ताओं द्वारा प्रतिभागिता

क. प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 7(5) के अनुसार आवश्यक सूचना मंगाने के लिए भारत में संबद्ध सामानों के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं को आयातक प्रश्नावली भेजी।

(i) मुंद्रा सोलर पीवी लिमिटेड
(ii) सेलेक्ट एनर्जी सिस्टम्स लिमिटेड
(iii) प्रीमियर एनर्जीज लिमिटेड
(iv) रिन्यूसिस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
(v) गोल्डी सोलर प्राइवेट लिमिटेड
(vi) वार्री एनर्जीज लिमिटेड
(vii) अल्पेक्स एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
(viii) विक्रम सोलर प्राइवेट लिमिटेड
(ix) एमवीवो फोटोवोल्टिक पावर प्राइवेट लिमिटेड
(x) नवितस ग्रीन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
(xi) सोवा पावर लिमिटेड

ख. निम्नलिखित आयातकों /प्रयोक्ताओं/उपभोक्ताओं ने प्रश्नावली का उत्तर दायर किया है। प्राधिकारी ने भी तदनुसार उनके अनुरोधों पर विचार किया है।

i. नवीतास ग्रीन साल्युशंस प्राइवेट लिमिटेड
ii. सोलेक्स एनर्जी लिमिटेड,
iii. रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड

8.5 जांच की अवधि और क्षति अवधि

क. वर्तमान जांच के प्रयोजन के लिए जांच की अवधि (पीओआई) 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 (12 महीने) है। क्षति विश्लेषण के संदर्भ में रुझानों की जांच में वित्त वर्ष 2021-22, वित्त वर्ष 2022-23, वित्त वर्ष 2023-24 और जांच की अवधि शामिल है।

8.6 आगे की प्रक्रियाएँ

क. प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों का अगोपनीय रूपांतर उपलब्ध कराया। सभी हितबद्ध पक्षकारों की एक सूची डीजीटीआर वेबसाइट पर अपलोड की गई थी और सभी से अनुरोध किया गया था कि वे सभी अन्य हितबद्ध पक्षकारों को अपने अनुरोधों का अगोपनीय रूपांतर ईमेल करें।

ख. क्षति की अवधि और जांच की अवधि के लिए संबद्ध सामानों के आयात का लेनदेन-वार विवरण प्रदान करने के लिए डीजी सिस्टम से अनुरोध किया गया था। प्राधिकारी ने आयात की मात्रा की गणना और लेनदेन की उचित जांच के बाद आवश्यक विश्लेषण के लिए डीजी सिस्टम के आंकड़ों पर भरोसा किया है।

ग सामान्य रूप से स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) और पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-III के आधार पर घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत सूचना के आधार पर भारत में संबद्ध सामानों के उत्पादन की इष्टतम उत्पादन लागत और निर्माण एवं बिक्री लागत के आधार पर क्षतिरहित कीमत (एनआईपी) निकाली गई है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या सब्सिडी मार्जिन से कम सब्सिडीरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को क्षति समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगा।

घ. आवेदक घरेलू उद्योग और निर्यातकों द्वारा प्रदान की गई सूचना का मौके पर सत्यापन के माध्यम से भौतिक निरीक्षण, जहां तक आवश्यक समझा गया, प्राधिकारी द्वारा किया गया था। केवल ऐसी सत्यापित सूचना पर, जहां भी लागू हो, आवश्यक सुधार के साथ, वर्तमान जांच परिणामों के उद्देश्य के लिए भरोसा किया गया है।

ङ. इस जांच प्रक्रिया के दौरान हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों पर, साक्ष्य के साथ समर्थित और वर्तमान जांच के लिए संगत मानी गई सीमा तक, प्राधिकारी द्वारा वर्तमान जांच परिणामों में उपयुक्त रूप से विचार किया गया है।

च. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदान की गई सूचना की जांच गोपनीयता दावे की पर्याप्तता के संबंध में की गई थी। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने जहां भी आवश्यक था, गोपनीयता के दावों को स्वीकार किया है और ऐसी सूचना को गोपनीय माना गया है और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकट नहीं की गई है। जहां भी संभव हुआ, गोपनीय आधार पर सूचना देने वाले पक्षकारों को निर्देश दिया गया था कि वे गोपनीय आधार पर दायर सूचना का पर्याप्त अगोपनीय रूपांतर उपलब्ध कराएं।

छ. नियमावली के नियम 7(6) के अनुसार, प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों को 28.10.2025 और 04.12.2025 को आयोजित मौखिक सुनवाई में मौखिक रूप से अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया, जिसमें हितबद्ध पक्षकारों ने भाग लिया था। मौखिक सुनवाई में अपने विचार प्रस्तुत करने वाले सभी पक्षकारों से उइन विचारों के लिखित अनुरोध दायर करने का अनुरोध किया गया था। लिखित अनुरोधों के अगोपनीय रूपांतर हितबद्ध पक्षकारों को परिचालित किए गए था, और उन्हें प्रत्युत्तर अनुरोध, यदि कोई हों, प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया था।

ज. जहां कहीं भी किसी हितबद्ध पक्षकार ने पहुंच से इनकार किया है, या अन्यथा वर्तमान जांच के दौरान आवश्यक सूचना प्रदान नहीं की है, या जांच में अत्यधिक बाधा डाली है, प्राधिकारी ने ऐसे पक्षकारों असहयोगी माना है और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर विचार/टिप्पणियां दर्ज की हैं।

झ. प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद/पीसीएन पर टिप्पणियां प्रदान करने के लिए समय प्रदान किया। हालाँकि, किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने कोई ठोस अनुरोध नहीं किए हैं और इसलिए, उत्पाद में कोई बदलाव नहीं किया गया।

ञ. प्राधिकारी ने साक्ष्य से समर्थित और वर्तमान जांच से संगत मानी गई सीमा तक सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाए गए सभी तर्कों और दी की गई सूचना पर विचार किया है। प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यकारी दस्तावेज़ों की जांच की है, जो वर्तमान जांच परिणामों के लिए निष्कर्षों का आधार बनते हैं।

ट. निर्दिष्ट प्राधिकारी के विचाराधीन अनिवार्य तथ्यों से युक्त एक प्रकटन विवरण 18 फरवरी, 2026 को हितबद्ध पक्षकारों को जारी किया गया था, जिसमें प्रकटन विवरण पर टिप्पणियां, यदि कोई हो, प्रस्तुत करने के लिए 25 फरवरी 2026 तक का समय दिया गया था। प्राधिकारी ने वर्तमान अंतिम जांच परिणामों में उचित रूप से हितबद्ध पक्षकारों से प्राप्त प्रकटन पश्चात टिप्पणियों पर विचार किया है।

ठ. इस अधिसूचना में '***' गोपनीय आधार पर किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा प्रस्तुत सूचना और नियमावली के तहत प्राधिकारी द्वारा मानी गई सूचना दर्शाते हैं।

ड. संबद्ध जांच के लिए प्राधिकारी द्वारा अपनाई गई विनिमय दर 1 अमेरिकी डॉलर= 84.58 रु. है।

ग. <u>विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु</u>

9. प्राधिकारी ने जांच की शुरुआत अधिसूचना के स्तर पर, विचाराधीन उत्पाद को निम्नानुसार परिभाषित किया है:

3. "वर्तमान आवेदन-पत्र में विचाराधीन उत्पाद "कम से कम 90.5% ट्रांसमिशन के साथ टेक्सचर्ड टफन्ड (टेम्पर्ड) ग्लास है जिसकी मोटाई 4.2 मिमी से अधिक नहीं है (0.2 मिमी की सहनशीलता सहित) और जहां कम से कम एक आयाम 1500 मिमी से अधिक है, चाहे लेपित हो या बिना लेपित हो" (जिसे इसके बाद "संबद्ध सामान" या "विचाराधीन उत्पाद" कहा गया है)। संबद्ध सामान में आवश्यक संचरण का न्यूनतम स्तर लोहे की मात्रा को कम रखकर प्राप्त किया जा सकता है, आमतौर पर 200 पीपीएम से कम। जब एंटी-रिफ्लेक्टिव कोटिंग तरल से लेपित किया जाता है तो ट्रांसमिशन स्तर लगभग 2%-3% बढ़ जाता है। कांच चाहे लेपित हो या बिना लेपित हो, उसे टेम्परिंग भट्ठी में टेम्पर किया जाता है/सख्त किया जाता है, क्योंकि यह सौर अनुप्रयोगों के लिए आवश्यक है। बाजार स्थल में यह उत्पाद विभिन्न नामों से जाना जांता है, जैसे सोलर ग्लास, लो आयरन सोलर ग्लास, सोलर ग्लास लो आयरन, सोलर पीवी ग्लास, हाई ट्रांसमिशन फोटोवोल्टे ग्लास, टेम्पर्ड लो आयरन पैटर्न सोलर ग्लास आदि।

4. संबद्ध सामान का उपयोग सोलर फोटोवोल्टिक पैनल और सोलर थर्मल अनुप्रयोगों में एक घटक के रूप में किया जाता है। आयरन की मात्रा को कम रखकर संचरण

का स्तर प्राप्त किया जा सकता है, आमतौर पर 200 पीपीएम से कम। जब एंटी-रिफ्लेक्टिव कोटिंग तरल से लेपित किया जाता है तो ट्रांसमिशन स्तर लगभग 2%-3% बढ़ जाता है। कांच चाहे लेपित हो या बिना लेपित हो, उसे टेम्परिंग भट्ठी में टेम्पर या सख्त किया जाता है क्योंकि यह सौर अनुप्रयोगों के लिए आवश्यक है। वर्तमान रुझान के अनुसार इन अनुप्रयोगों में उपयोग किया जाने वाला ग्लास 2 एमएम से 4 एमएम मोटाई का है। संबद्ध सामानों का आकार उद्देश्य और मॉड्यूल आकार पर निर्भर करता है। कांच को टेम्परिंग से पहले या कोटिंग के बाद ग्राहक की आवश्यकता के अनुसार विभिन्न आकारों में काटा जाता है। चूंकि यह निर्णायक समीक्षा जांच है, इसलिए उत्पाद वही रहता है जिसे प्राधिकारी ने अंतिम जांच परिणामों में परिभाषित किया था।

5. *संबद्ध सामानों को अध्याय शीर्ष 70071900 के तहत वर्गीकृत किया गया है। तथापि, , घरेलू उद्योग द्वारा यह दावा किया गया है कि विभिन्न अन्य प्रशुल्क शीर्षों जैसे 70031990, 70051010, 70051090, 70052190, 70052990, 70053090, 70071900 आदि के तहत भी संबद्ध सामानों का आयात किया जा रहा है। यह स्पष्ट किया जाता है कि एचएस कोड केवल संकेतात्मक हैं, और उत्पाद विवरण सभी परिस्थितियों में बना रहेगा।*

ग.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों की ओर से किए गए अनुरोध

10. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और समान वस्तु के संबंध में कोई अनुरोध नहीं किए हैं।

ग.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

11. घरेलू उद्योग ने विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और समान वस्तु के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

    क. विचाराधीन उत्पाद मलेशिया के मूल के अथवा वहां से निर्यातित, '4.2 मिमी से अधिक नहीं (0.2 मिमी की सहनशीलता सहित) मोटाई के न्यूनतम 90.5% संचरण के साथ बनावट वाला टेम्पर ग्लास है और जहां कम से कम एक आयाम 1500 मिमी से अधिक है, चाहे लेपित हो या बिना लेपित' ।

ख. बाजार की भाषा में उत्पाद को विभिन्न नामों से भी जाना जाता है जैसे सोलर ग्लास, सोलर ग्लास लो आयरन, सोलर पीवी ग्लास, हाई ट्रांसमिशन फोटोवोल्टिक ग्लास, टेम्पर्ड लो आयरन पैटर्न वाले सोलर ग्लास, हीट स्ट्रेंथ ग्लास आदि। टेक्सचर्ड टेम्पर्ड ग्लास का उपयोग सोलर फोटोवोल्टिक पैनल और सोलर थर्मल अनुप्रयोगों में एक घटक के रूप में किया जाता है। आयरन की मात्रा को कम रखकर संचरण का स्तर प्राप्त किया जा सकता है, आमतौर पर 200 पीपीएम से कम। जब एंटी-रिफ्लेक्टिव कोटिंग तरल से लेपित किया जाता है तो ट्रांसमिशन स्तर लगभग 2%-3% बढ़ जाता है।

ग. घरेलू उद्योग ने यह भी अनुरोध किया है कि प्राधिकारी को स्पष्ट करना चाहिए कि विचाराधीन उत्पाद को बाजार की भाषा में हीट स्ट्रेंग्थन्ड ग्लास के रूप में भी जाना जाता है। घरेलू उद्योग ने यह भी अनुरोध किया है कि प्राधिकारी ने चीन और वियतनाम के खिलाफ विचाराधीन उत्पाद के संबंध में हाल ही में संपन्न पाटनरोधी और सब्सिडीरोधी जांच में हीट स्ट्रेंग्थन्ड ग्लास को वाणिज्यिक नामों में से एक के रूप में माना है। इसके अतिरिक्त, उस निर्धारण के विरुद्ध कोई चुनौती भी नहीं दी गई है। अतः, अंतिम जांच परिणामों में हीट स्ट्रेंग्थन्ड ग्लास का उल्लेख न करने का कोई कानूनी या अन्यथा कारण नहीं है।

घ. संबद्ध उत्पाद मुख्य रूप से 8-अंकीय स्तर पर प्रशुल्क वर्गीकरण के तहत आयात किए जाते हैं, अर्थात 70071900, भले ही उन्हें सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 के विभिन्न उपशीर्षों के तहत वर्गीकृत और आयात किया जा रहा है, जैसा कि आयात आंकड़ों से देखा जा सकता है। तथापि, यह नोट किया जाता है कि संबद्ध सामानों का आयात उप-शीर्ष 70031990, 70051010, 70051090, 70052190, 70052990, 70053090, 70071900, 70072190, 70072900, 70169000, 70200090 और 85414011 में भी किया जा रहा है, जैसा कि आयात आंकड़ों से सिद्ध है। इसके अतिरिक्त, यह भी अनुरोध किया गया है कि सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और किसी भी तरह से, यह उत्पाद क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है और उत्पाद विवरण विरोध की परिस्थितियों में है।

ड. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध सामानों और संबद्ध देश से आयातित सामानों में कोई ज्ञात अंतर नहीं है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध सामान

और संबद्ध देश से आयातित संबद्ध सामान भौतिक और रासायनिक विशेषताओं, विनिर्माण प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी, प्रकार्यों और प्रयोगों, उत्पाद विनिर्देशों, वितरण और बाजार और सामानों के प्रशुल्क वर्गीकरण जैसे गुणों के संदर्भ में तुलनीय हैं। आवेदकों ने दावा किया है कि संबद्ध सामान, जो भारत में आ रहे हैं, घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित सामानों के समान हैं। सब्सिडी वाले आयात और घरेलू रूप से उत्पादित संबद्ध सामानों और आवेदकों द्वारा निर्मित विचाराधीन उत्पाद की तकनीकी विशिष्टताओं, गुणवत्ता, प्रकार्यों या अंतिम प्रयोगों में कोई अंतर नहीं है। दोनों तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं और इसलिए नियमावली के तहत 'समान वस्तु' के रूप में माना जाना चाहिए।

ग.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

12. विचाराधीन से संबंधित मुद्दों के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुराधों की जांच की गई है और नीचे हल किया गया है:

13. वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद, जांच की शुरुआत के स्तर पर, '4.2 मिमी से अनधिक (0.2 मिमी की सहनशीलता सहित) मोटाई के न्यूनतम 90.5% संचरण के साथ टेक्सचर्ड टफन्ड (टेम्पर्ड) ग्लास के रूप में परिभाषित किया गया था और जहां कम से कम एक आयाम 1500 मिमी से अधिक है, चाहे लेपित हो या बिना लेपित हो और विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में कोई बदलाव नहीं है। विचाराधीन उत्पाद का उपयोग सौर फोटोवोल्टिक पैनलों और सौर थर्मल अनुप्रयोगों में एक घटक के रूप में किया जाता है। आयरन की मात्रा को कम रखकर संचरण का स्तर प्राप्त किया जा सकता है, आमतौर पर 200 पीपीएम से कम। जब एंटी-रिफ्लेक्टिव कोटिंग तरल से लेपित किया जाता है तो ट्रांसमिशन स्तर लगभग 2%-3% बढ़ जाता है।

14. विचाराधीन उत्पाद को विभिन्न अन्य नामों से भी जाना जाता है जैसे सौर ग्लास, सौर ग्लास लो आयरन, सौर पीवी ग्लास, उच्च ट्रांसमिशन फोटोवोल्टिक ग्लास, टेम्पर्ड लो आयरन पैटर्न्ड सोलर ग्लास आदि। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि हीट स्ट्रेंथन्ड ग्लास बाजार की भाषा में विचाराधीन उत्पाद का केवल एक अन्य नाम है और इसके स्पष्टीकरण के लिए किसी अन्य हितबद्ध पक्षकार ने विरोध नहीं किया। प्राधिकारी ने रिकॉर्ड पर सभी अनुरोधों और सामग्री का विश्लेषण किया, मूल जांच में परिभाषित विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में कोई बदलाव नहीं है। इसके अतिरिक्त, केवल बाजार की

भाषा के आधार पर किसी नाम को स्पष्ट करने से, विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में संशोधन नहीं होता है। यह भी मानने की आवश्यकता है कि विचाराधीन उत्पाद के तहत वर्गीकृत किए जाने वाले किसी भी उत्पाद को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में लाया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए, यदि कोई भी ग्लास सभी मानदंडों को पूरा करता है (जैसे कि बनावट, सख्त, न्यूनतम 90.5% ट्रांसमिशन, मोटाई 4.2 मिमी से अधिक नहीं, जिसका कम से कम एक आयाम 1500 मिमी से अधिक है या बिना कोटिंग के) तो केवल, इसे किसी भी नाम या समझ के बावजूद विचाराधीन उत्पाद के रूप में माना जा सकता है। इसके मद्देनज़र, प्राधिकारी स्पष्ट करते हैं कि हीट स्ट्रेंग्थन्ड ग्लास केवल विचाराधीन उत्पाद के नामों में से एक है, जैसा कि मूल जांच के विचाराधीन उत्पाद में परिभाषित किया गया है।

15. विचाराधीन उत्पाद को सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 के अध्याय 70 में 'कांच और कांच के बर्तन' श्रेणी के तहत और आगे सीमा शुल्क वर्गीकरण के अनुसार 7003, 7005, 7007, 7016, 7020 और 8541 के तहत वर्गीकृत किया गया है। तथापि, सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और जाँच के क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है।

16. प्राधिकारी नोट करते हैं कि विचाराधीन उत्पाद में भारतीय उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देश से निर्यातित उत्पाद में कोई ज्ञात अंतर नहीं है। भारतीय उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देश से आयातित विचाराधीन उत्पाद भौतिक विशेषताओं, विनिर्माण प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी, प्रकार्यों और प्रयोगों, उत्पाद विनिर्देशों, कीमत निर्धारण, वितरण और विपणन और सामानों के प्रशुल्क वर्गीकरण जैसी विशेषताओं के संदर्भ में तुलनीय हैं। दोनों तकनीकी और वाणिज्यक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं। इस प्रकार, प्राधिकरण का मानना है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध सामान सब्सिडीरोधी नियमावली के अनुसार संबद्ध देश से आयातित विचाराधीन उत्पाद की समान वस्तु हैं।

घ. <u>घरेलू उद्योग का क्षेत्र और आधार</u>

घ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों की ओर से किए गए अनुरोध

17. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा घरेलू उद्योग के क्षेत्र और आधार के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. यद्यपि, आवेदक सामूहिक रूप से मात्रात्मक आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, तथापि, एक आवेदक अर्थात् विशाखा ने हाल ही में उत्पादन शुरू किया था और वह पूर्व जांच का हिस्सा नहीं था और इसलिए, प्राधिकारी को प्रत्येक कंपनी के लिए अलग से आधार सत्यापित करना चाहिए और क्षति मापदंडों का आंकलन करना चाहिए।

घ.2 घरेलू उद्योग की ओर से किए गए अनुरोध

18. घरेलू उद्योग द्वारा घरेलू उद्योग के क्षेत्र और आधार के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. यह कि वर्तमान आवेदन-पत्र बोरोसिल रिन्यूएबल्स लिमिटेड (बीआरएल) और विशाखा ग्लास प्राइवेट लिमिटेड (वीजीपीएल) द्वारा दायर किया गया है। वे भारत में संबद्ध सामानों के प्रमुख उत्पादक हैं।

ख. आवेदकों ने संबद्ध देश से संबद्ध सामानों का आयात नहीं किया है और वे संबद्ध देश में संबद्ध सामानों के किसी निर्यातक या भारत में संबद्ध सामानों के आयातक से संबद्ध नहीं हैं।

घ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

19. सब्सिडीरोधी नियमावली के नियम 2(ख) में घरेलू उद्योग निम्नलिखित रूप में परिभाषित है:

> *"(ख) "घरेलू उद्योग" का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा ऐसे उत्पादकों से है जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा भाग बनता है सिवाए उस स्थिति के जब ऐसे उत्पादक आरोपित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं अथवा वे स्वयं उसके आयातक होते हैं, तो ऐसे मामले में "घरेलू उद्योग" का अर्थ शेष उत्पादकों के संदर्भ में लगाया जा सकता है।"*

20. प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदन-पत्र बोरोसिल रिन्यूएबल्स लिमिटेड (बीआरएल) और विशाखा ग्लास प्राइवेट लिमिटेड (वीजीपीएल) द्वारा दायर किया गया है। यह भी नोट

किया जाता है कि आवेदक उद्योग के अलावा, 3 अन्य उत्पादक हैं, अर्थात् गोविंद ग्लास एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड, त्रिवेणी रिन्यूएबल्स प्राइवेट लिमिटेड और गोल्ड प्लस फ्लोट ग्लास प्राइवेट लिमिटेड, जो संबद्ध सामानों का उत्पादन कर रहे हैं।

21. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि आवेदकों ने संबद्ध देश से संबद्ध सामानों का आयात नहीं किया है और यह संबद्ध देश में संबद्ध सामानों के किसी निर्यातक या भारत में संबद्ध सामानों के आयातक से संबद्ध नहीं हैं। इसके अलावा, आवेदकों के उत्पादन का कुल घरेलू उत्पादन में प्रमुख अनुपात है। इस प्रकार, प्राधिकरण का मानना है कि आवेदक सब्सिडीरोधी नियमावली के नियम 2(ख) के तहत परिभाषित घरेलू उद्योग हैं, और यह आवेदन-पत्र सब्सिडीरोधी नियमावली के नियम 6(3) के अनुसार आधार की अपेक्षा पूरी करता है।

22. फिर भी, सीमा प्रशुल्क सब्सिडीयुक्त वस्तुओं पर सब्सिडीरोधी शुल्क सब्सिडी-रोधी शुल्क की पहचान, अंकलन और संग्रहण और क्षति के निर्धारण के लिए) नियमावली, 1995 के तहत, घरेलू उद्योग के आधार की अपेक्षा विशेष रूप से नियम 6(3) के तहत दी गई है, जो मूल जांच की शुरुआत के स्तर पर लागू होती है। इसके अलावा, नियम 24 (5), जो निर्णायक समीक्षा किए जाने को नियंत्रित करता है, नियम 6 की संपूर्णता को छोड़कर नियमावली के आवश्यक अनुप्रयोग का प्रावधान करता है। परिणामस्वरूप, नियम 6 (3) में निहित आधार की अपेक्षा निर्णायक समीक्षा कार्यवाहियों पर लागू नहीं होती।

ड. <u>गोपनीयता और विविध मुद्दे</u>

ड.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों की ओर से किए गए अनुरोध

23. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने निम्नलिखित विविध अनुरोध किए हैं:

क. यह कि टेक्सचर्ड टेम्पर्ड ग्लास के आयात पर व्यापार उपचारात्मक उपाय एक दशक से अधिक समय से लागू हैं। यह लंबे समय तक निर्भरता घरेलू उद्योग को दक्षता में सुधार करने और बाजार में बदलाव के अनुकूल होने के लिए प्रोत्साहन को कमजोर करती है, प्रतिस्पर्धा के बजाय निर्भरता को बढ़ावा देती है। यह भी अनुरोध किया गया है कि यहां तक कि डब्ल्यूटीओ सिद्धांत भी व्यापार उपचार अनिश्चित समय तक बढ़ाए जाने को हतोत्साहित करते हैं। इस तरह के लंबे समय तक चलने

वाले उपाय बाजार की गतिशीलता को विकृत करते हैं और नवाचार को कम करते हैं, जबकि आयात पर निर्भर निचले स्तर के उद्योगों पर अनुचित प्रभाव डालते हैं।

ख. यह भी अनुरोध किया गया था कि पिछली जांचों में घरेलू उद्योग यह साबित करने में विफल रहा कि आयात से घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई।

ग. निर्यातकों और मलेशिया सरकार द्वारा दायर की गई प्रतिक्रियाएं प्राधिकारी की परिपाटी के अनुसार ठीक से दायर की गई हैं और इसलिए, डीजीटीआर द्वारा प्रतिक्रियाओं को नजरअंदाज या खारिज नहीं किया जा सकता है।

घ. घरेलू उद्योग ने अनुचित गोपनीयता का दावा किया है और उनका अगोपनीय रूपांतर डीजीटीआर द्वारा अपनाई गई परिपाटी का स्पष्ट उल्लंघन है।

ड.2 घरेलू उद्योग की ओर से किए गए अनुरोध

24. घरेलू उद्योग द्वारा विविध अनुरोधों के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. यह कि किसी भी प्रतिभागी हितबद्ध पक्षकार ने अनुरोधों का उचित अगोपनीय रूपांतर दायर नहीं किया है और इससे घरेलू उद्योग के अपने अधिकारों की रक्षा करने के अधिकार गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं।

ख. मामलों के इतिहास के मुद्दे के संबंध में, घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया कि पिछले मामलों का इतिहास, वह भी, पूरी तरह से विभिन्न स्रोतों के खिलाफ, इस मामले के तथ्य के लिए कोई कानूनी या तथ्यात्मक प्रासंगिकता नहीं रखता है। प्राधिकारी को केवल यह देखना होता है कि क्या सब्सिडीरोधी शुल्क लगाने/पाटन/ सब्सिडीरोधी शुल्क बढ़ाने का मामला, मामले के तथ्यों/परिस्थितियों में किया गया है। यह भी अनुरोध किया जाता है कि वर्तमान मामले में पिछले उपायों का कोई महत्व नहीं है, यदि निर्यातकों को सब्सिडी मिल रही है, तो घरेलू उद्योग के पास उचित राहत के लिए देश के कानूनों के तहत उपाय मांगने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। चूंकि निर्यातकों ने लाभ की प्राप्ति पर विवाद नहीं किया है, इसलिए घरेलू उद्योग को ऐसी परिपाटियों के खिलाफ सुरक्षा मांगने का पूरा अधिकार है।

ग. पिछली जांच में हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध के संबंध में, प्राधिकारी को कोई क्षति नहीं मिली है, घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया कि चीन और मलेशिया के

विरुद्ध पिछली जांच पर केवल एक नज़र डालने पर, हितबद्ध पक्षकारों के लिए यह स्पष्ट हो जाएगा कि प्राधिकारी ने सभी मामलों में क्षति पाई है। तथापि, मलेशिया के विरुद्ध, प्राधिकारी को कोई पाटन नहीं मिला और इसीलिए, उसके विरुद्ध कोई शुल्क नहीं लगाए गए थे।

घ. घरेलू उद्योग द्वारा अत्यधिक गोपनीयता के अनुरोध के संबंध में, यह अनुरोध है कि घरेलू उद्योग ने लागू व्यापार सूचनाओं और डीजीटीआर की परिपाटी के अनुसार अपना अगोपनीय रूपांतर दायर किया है।

ड.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

25. सूचना की गोपनीयता के संबंध में सब्सिडीरोधी नियमावली के नियम 8 में निम्नलिखित प्रावधान हैं:

गोपनीय सूचना:

(1) नियम 6 के उप नियमों (2), (3) और (7), नियम 12 के उपनियम (2), नियम 15 के उपनियम (4) और नियम 17 के उपनियम (4) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जांच की प्रक्रिया में नियम 5 के उपनियम (1) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की प्रतियां या किसी पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर निर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रस्तुत किसी अन्य सूचना के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी उसकी गोपनीयता से संतुष्ट होने पर उस सूचना को गोपनीय मानेंगे और ऐसी सूचना देने वाले पक्षकार से स्पष्ट प्राधिकार के बिना किसी अन्य पक्षकार को ऐसी सूचना का प्रकटन नहीं करेंगे।

(2) निर्दिष्ट प्राधिकारी गोपनीय अधिकारी पर सूचना प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों से उसका अगोपनीय सारांश प्रस्तुत करने के लिए कह सकते हैं और यदि ऐसी सूचना प्रस्तुत करने वाले किसी पक्षकार की राय में उस सूचना का सारांश नहीं हो सकता है तो वह पक्षकार निर्दिष्ट प्राधिकारी को इस बात के कारण संबंधी विवरण प्रस्तुत करेगा कि सारांश करना संभव क्यों नहीं है।

(3) उप नियम (2) में किसी बात के होते हुए भी यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि गोपनीयता का अनुरोध अनावश्यक है या सूचना देने वाला या तो सूचना को सार्वजनिक नहीं करना चाहता है या उसकी सामान्य रूप में या सारांश रूप में प्रकटन नहीं करना चाहता है तो वह ऐसी सूचना पर ध्यान नहीं दे सकते हैं।"

26 घरेलू उद्योग और अन्य विरोधी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीयता के संबंध में किए गए अनुरोधों की जांच प्राधिकारी द्वारा संगत मानी गई सीमा तक की गई और तदनुसार हल किया गया। गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदान की गई सूचना की जांच की गई। संतुष्ट होने पर, जहां भी आवश्यक था, प्राधिकारी ने गोपनीयता के दावों को स्वीकार किया है और वह सूचना गोपनीय मानी गई है तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकट नहीं किया गया है। जहां भी संभव, गोपनीय आधार पर सूचना प्रदान करने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर दायर सूचना का पर्याप्त अगोपनीय रूपांतर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था। प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों का अगोपनीय रूपांतर सार्वजनिक फ़ाइल के रूप में उपलब्ध कराया। प्राधिकारी यह भी नोट करते है कि सभी हितबद्ध पक्षकारों ने अपने व्यवसाय से संबंधित संवेदनशील सूचना को गोपनीय होने का दावा किया है।

27. यह तर्क दिया गया है कि प्रतिसंतुलनकारी शुल्क काफी समय से लागू हैं। इस संदर्भ में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान जांच एक निर्णायक समीक्षा है, जिसमें प्राधिकारी सब्सिडीकरण और क्षति के जारी रहने या बार-बार होने की संभावना की जांच करते हैं, जैसाकि आवेदक द्वारा मांग की गई है। शुल्क के विस्तार की सिफारिश केवल तभी की जाती है जब ऐसी संभावना सिद्ध करने वाले सकारात्मक साक्ष्य पाए जाएं। इसके अलावा, जहां निर्यातक देश में उत्पादक अपनी सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सब्सिडी से लाभान्वित होते रहते हैं, घरेलू उद्योग को सब्सिडी वाले आयात के विरुद्ध सुरक्षा मांगने का अधिकार बरकरार रहता है। प्राधिकारी ने वर्तमान जांच सब्सिडीरोधी नियमावली के प्रावधानों के अनुसार सख्ती से की है। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग कानूनी उपायों और सुरक्षा का लाभ उठाने का पूर्ण हकदार है, जहां यह सिद्ध हो कि किसी भी देश के निर्यातक घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचाने वाली परिपाटियों में लगे हुए हैं।

भाग-II

च. सब्सिडी और सब्सिडी मार्जिन का निर्धारण

28. मलेशिया से उत्पादकों और निर्यातकों को प्रश्नावली का उत्तर दायर करने की सलाह दी गई थी और उन्हें ऐसी सब्सिडियों, यदि कोई हों, की मौजूदगी और मात्रा का उचित निर्धारण करने के लिए तथाकथित सब्सिडी कार्यक्रमों की मौजूदगी, मात्रा और प्रभाव पर सत्यापन योग्य साक्ष्य प्रदान करने का पर्याप्त अवसर दिया गया था।

29. मलेशिया सरकार सहित मलेशिया के निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने प्रश्नावली के उत्तर दायर किए हैं:

i. मेसर्स शिनयी सोलर (मलेशिया) एसडीएन बीएचडी
ii. एसबीएच किबिंग सोलर न्यू मैटेरियल्स (एम) एसडीएन. बीएचडी

कथित सब्सिडी कार्यक्रमों का सामान्य अवलोकन

च.1 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

30. सब्सिडी और सब्सिडी मार्जिन के संबंध में घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. यह दर्शाने के लिए पर्याप्त साक्ष्य हैं कि संबद्ध देश में संबद्ध सामानों के निर्यातकों/उत्पादकों/ उनकी संबद्ध कंपनियों को विभिन्न प्रतिकार योग्य सब्सिडी कार्यक्रमों से लाभ हुआ है।

ख. संबद्ध देश की सरकार ने कोई प्रतिक्रिया दायर नहीं की है/न ही कोई सार्थक सूचना दी है। केवल सरकार ही इस संबंध में विस्तृत सूचना प्रदान कर सकती है कि क्या उक्त योजना प्रतिकार योग्य है या नहीं। उत्तरदाता निर्यातक ही यह सूचना दे सकता है कि क्या कोई लाभ लिया था या नहीं। अन्य अधिकार क्षेत्रों में, जहां निर्यातक देश की सरकार सहयोग नहीं करती है, जांच अधिकारी उपलब्ध तथ्यों पर भरोसा करते हैं और योजनाओं की प्रतिकार योग्यता का निर्धारण करते हैं।

ग. यह अनुरोध किया जाता है कि मलेशिया के निर्यातकों के साथ-साथ मलेशिया सरकार भी प्राधिकारी द्वारा जारी प्रश्नावली का उचित तरीके से उत्तर देने में विफल रही है। उन्होंने या तो नई योजनाओं से संबंधित सूचना प्रदान करने से इनकार कर दिया है या इसे प्रदान करने से चूक गए हैं। यह सादर अनुरोध है कि नई सब्सिडी योजनाओं के बारे में सूचना प्रदान करने से इनकार करना या उसमें चूक करना नियमावली कार्य-ढांचे के अंतर्गत संबंधित पक्षकारों द्वारा असहयोग है।

घ. जैसा कि जांच शुरुआत अधिसूचना में निहित है और साथ ही प्राधिकारी द्वारा पिछले मामलों में माना गया है, मलेशिया में शुरू की गई कोई भी नई योजना निर्णायक समीक्षा जांच के क्षेत्र में है। इसलिए, नई योजनाओं के संबंध में जानबूझकर सूचना से इंकार करना मलेशियाई सरकार पर नहीं है। मलेशियाई सरकार के साथ-साथ मलेशिया से निर्यातकों को असहयोगी पक्षकार माना जाना है।

ड. यह सादर अनुरोध है कि सब्सिडी और प्रतिसंतुलनकारी उपायों संबंधी करार तथा भारतीय सब्सिडीरोधी कानूनों के तहत, किसी भी जांच किए गए देश की सरकार किसी अन्य निर्यातक, आयातक आदि की तरह ही एक संबद्ध पक्षकार है। अतः, मलेशियाई सरकार की ओर से इस विफलता को अनिवार्य रूप से जांच में बाधा डालने का एक जानबूझकर प्रयास माना जाना चाहिए। इस प्रकार, निर्यातक को भी असहयोगी माना जाना है और उन्हें अपनी सरकार द्वारा जानबूझकर असहयोग करने के परिणाम भुगतने हैं।

च. यह स्वीकार किए बिना कि कुछ संगत सब्सिडी योजनाएं वास्तव में समाप्त हो गई हैं, यह ऐसी सब्सिडी योजनाओं के पुनः ब्रांडिंग या नामकरण या प्राप्त लाभों के निरंतर प्रभाव की संभावना को अलग नहीं करता है। निर्यातकों के साथ-साथ मलेशिया सरकार के लिए यह महत्वपूर्ण था कि वह मलेशिया में शुरू की गई किसी भी नई सब्सिडी योजना के बारे में प्राधिकारी को स्पष्ट रूप से सूचित करे। तथापि, यह सूचना रोककर प्राधिकारी के साथ पूरी तरह से सहयोग करने से इनकार करने से यह बेहद संभावना है कि संबद्ध देश में नए लागू

किए गए होंगे जिसमें निर्यातकों को कार्रवाई योग्य/प्रतिबंधित सब्सिडियों के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं।

छ. जहां तक इस आरोप का संबंध है कि घरेलू उद्योग ने सब्सिडी को प्रमाणित करने के लिए सभी संगत दस्तावेज प्रकट नहीं किए हैं, यह अनुरोध है कि मूल जांच में ही संबद्ध देश में सब्सिडी प्रमाणित है। इसके अलावा, ऐसा तर्क घरेलू उद्योग द्वारा पूरी की जाने वाली आवश्यक कानूनी सीमा की गलत समझ पर आधारित है। निर्धारित कानूनी स्थिति के संदर्भ में, घरेलू उद्योग को जांच शुरू करने के लिए केवल प्रथम दृष्टया मामला दर्शाने की आवश्यकता है और यह संबंधित सरकार और निर्यातकों पर निर्भर है कि वे घरेलू उद्योग के तर्कों का खंडन करें। यह अनुरोध है कि विशिष्टता, लाभ और क्षति के संबंध के लिए कानूनी सीमाएं घरेलू उद्योग के साक्ष्य द्वारा सब्सिडी और इसके हानिकारक प्रभाव की पुष्टि करके पूरी की गई हैं।

ज. सार्वजनिक पटल पर उपलब्ध सूचना के अनुसार, मलेशिया में संबद्ध सामानों के निर्यातकों को कुछ लाभ उपलब्ध हैं। मलेशिया सरकार ने भाग लेने वाले निर्यातकों को भी कुछ लाभ दिए हैं। घरेलू उद्योग विनम्रतापूर्वक प्राधिकारी से अनुरोध किया है कि वह सभी योजनाओं के लिए लाभों की गणना करे, चाहे वे उनके द्वारा उनकी आवेदन-पत्र में पहचाने गए हों या नहीं।

च.2 अन्य हितबद्ध पक्षकारों की ओर से किए गए अनुरोध

31. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा सब्सिडी कार्यक्रमों और मार्जिन के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. प्राधिकारी ने कार्यक्रमों का पर्याप्त विश्लेषण किए बिना जांच शुरू कर दी है। आवेदक ने प्रतिकार योग्य सब्सिडी के तीन तत्वों अर्थात् (क) वित्तीय योगदान, (ख) लाभ, और (ग) विशिष्टता की मौजूदगी सिद्ध नहीं की।

ख. घरेलू उद्योग द्वारा लगाए गए आरोप कि मलेशिया सरकार और निर्यातकों ने पूरी सूचना नहीं दी है, पूरी तरह से निराधार, बेबुनियाद और रिकॉर्ड में मौजूद तथ्यों के विपरीत है। उत्पादकों/निर्यातकों तथा मलेशिया सरकार ने वर्तमान निर्णायक समीक्षा जांच के दौरान निर्दिष्ट प्राधिकारी को पूर्ण सहयोग दिया है। प्राधिकारी

द्वारा मांगी गई सभी सूचना और आंकड़ों को निर्धारित समय सीमा के भीतर और नियमावली के तहत अपेक्षित प्रपत्र में विधिवत प्रस्तुत किया गया है।

ग. आवेदक आरोपों का समर्थन करने के लिए 'पर्याप्त साक्ष्य' देने में विफल रहा। मलेशिया में संबद्ध सामानों से कथित कार्यक्रम को जोड़ने का कोई औचित्य नहीं दिया गया है। आवेदक द्वारा तथाकथित अधिकतर सब्सिडियां बिना किसी वास्तविक सबूत के मात्र दावे हैं। अत:, आरोप अपर्याप्त हैं और एएससीएम के सिद्धांतों को अनदेखा करते है।

घ. प्राधिकारी को किसी भी उद्देश्य के लिए सब्सिडी कार्यक्रमों और मार्जिन का विश्लेषण करने के लिए निर्यातकों द्वारा दायर सत्यापित आंकड़ों का प्रयोग करना चाहिए।

<u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

च.3 परिकलन पद्धति

32. एएससीएम के अनुच्छेद 14 में, अनुच्छेद 1 के पैराग्राफ 1 के अनुसरण में प्राप्तकर्ता को दिए गए लाभ की गणना के लिए दिशानिर्देश और पद्धति का प्रावधान है और आगे यह भी प्रावधान है कि प्राप्तकर्ता को लाभ की गणना करने के लिए जांच प्राधिकारी द्वारा प्रयुक्त कोई भी पद्धति पारदर्शी और पर्याप्त रूप से स्पष्ट की गई होगी। इसके अलावा, प्राप्तकर्ता को लाभ की गणना करने के लिए जांच प्राधिकारी द्वारा प्रयुक्त कोई पद्धति संबंधित सदस्य के राष्ट्रीय कानून या कार्यान्वयन विनियमों में प्रदान की जाएगी और प्रत्येक विशेष मामले में इसका अनुप्रयोग पारदर्शी और पर्याप्त रूप से स्पष्ट किया जाएगा। अपेक्षा के अनुसार, सीमा प्रशुल्क (सब्सिडीयुक्त वस्तुओं पर प्रतिसंतुलनकारी शुल्क की पहचान, मूल्यांकन और संग्रहण तथा क्षति के निर्धारण के लिए) नियमावली, 1995 सब्सिडी की मात्रा निर्धारित करने की पद्धति निर्धारित करती है। इस जांच में निर्धारण इन दिशानिर्देशों के अनुसार है।

33. इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी प्रतिकार योग्य कार्यक्रम के तहत एक बार स्वीकार योग्य सब्सिडी का प्रतिकार करने का प्रस्ताव किया हैं न कि दोहरी प्रतिकार योग्यता का।

च.3.1 याचिकाकर्ताओं द्वारा आरोपित सब्सिडी कार्यक्रमों की जांच:

निम्नलिखित सब्सिडी कार्यक्रमों को विशेष रूप से याचिका में आरोप लगाया गया है और जांच शुरुआत की सूचना में उल्लेख किया गया है।

i. कार्यक्रम 1: प्राकृतिक गैस में सब्सिडी

क. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

34. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि इस कार्यक्रम के तहत प्राकृतिक गैस उपलब्ध कराने वाली कंपनी द्वारा औद्योगिक प्रयोक्ताओं को रियायती दर पर प्रदान की जाती है। घरेलू उद्योग ने आगे अनुरोध किया कि यह सब्सिडी विनिर्माण गतिविधियों में लगे उद्योगों के लिए उपलब्ध है। यह, बदले में, विनिर्माण क्षेत्र में उद्योगों को सस्ती गैस तक पहुंच प्रदान करता है। याचिकाकर्ता के अनुसार, गैस कंपनी को सरकार द्वारा सब्सिडी की सीमा तक मुआवजा दिया जाता है। घरेलू उद्योग ने अपने आवेदन-पत्र में सहायक साक्ष्य उपलब्ध कराए हैं।

ख. मलेशिया सरकार/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

35. यह अनुरोध किया गया है कि 1 जनवरी 2022 से, गैस की कीमत अविनियमित रही है और गैस बिक्री करार के निबंधनों और शर्तों के अनुसार इच्छुक-खरीदार, इच्छुक-विक्रेता के आधार पर निर्धारित की गई है।

36. विदेश मंत्रालय (एमईए) और ऊर्जा आयोग (ईसी) मलेशिया सरकार द्वारा संशोधन अनुमोदन सहित विनियमित गैस कीइ कीमतों से संबंधित रिकॉर्ड बनाए रखते हैं।

37. औद्योगिक ग्राहकों से ली जाने वाली गैस की कीमत प्रशुल्क श्रेणी के आधार पर है। एक ही प्रशुल्क श्रेणी के सभी ग्राहकों पर समान कीमत लगाई जाएगी।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

38. मूल जांच में प्राधिकारी ने वर्तमान योजना के संबंध में निम्नलिखित जांच परिणाम दर्ज किए हैं:

"43. प्राधिकारी इस तथ्य को नोट करते है कि न तो मलेशिया सरकार और न ही मलेशिया के सहयोगी उत्पादक ने इस योजना की प्रतिकार योग्यता के खिलाफ कोई अनुरोध किया है। फिर भी, प्राधिकारी योजना की प्रतिकार योग्यता की जांच निम्नलिखित रूप में करते हैं:

क) मलेशिया सरकार द्वारा प्रस्तुत उत्तर में यह उल्लेख है कि मलेशिया में गैस की कीमतें सरकार द्वारा विनियमित हैं।

ख) मलेशिया सरकार द्वारा प्रस्तुत उत्तर में यह स्वीकार किया गया है कि गैस की बाजार कीमतों और औद्योगिक प्रयोक्ताओं के लिए गैस की कीमतों में कीमत अंतर है।

ग) इसके अलावा, मलेशिया सरकार के उत्तर में यह भी उल्लेख है कि औद्योगिक ग्राहकों से ली जाने वाली गैस की कीमत प्रशुल्क श्रेणी के आधार पर है, जो खपत-आधारित प्रशुल्क प्रणाली दर्शाती है।

39. वर्तमान समीक्षा जांच में मलेशिया सरकार द्वारा दायर उत्तर से यह नोट किया जाता है कि:

क) विदेश मंत्रालय (एमईए) और ऊर्जा आयोग (ईसी) मलेशिया सरकार द्वारा विनियमित और गैस कीमतों के संशोधन की मंजूरी का रिकॉर्ड रखते हैं।

ख) गैस की बाजार कीमतों और औद्योगिक प्रयोक्ताओं के लिए गैस की कीमतों में कीमत अंतर है।

ग) औद्योगिक ग्राहकों से ली जाने वाली गैस की कीमत प्रशुल्क श्रेणी के आधार पर है।

40. अत:, यद्यपि निर्यातकों और मलेशिया सरकार ने वर्तमान योजना के तहत सब्सिडी की मौजूदगी से इनकार किया है और कहा है कि, 2022 के बाद से, गैस की कीमतें अविनियमित रही हैं, तथापि प्राधिकारी ने निर्यातकों दोनों निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत उत्तरों की जांच की है और प्रत्येक निर्यातक के संबंध में डेस्क सत्यापन भी किया है। ऐसी जांच पर यह पाया गया है कि:

41. **एसबीएच किबिंग सोलर न्यू मैटेरियल:** डेस्क सत्यापन के दौरान निर्यातक द्वारा प्रस्तुत सूचना से पता चलता है कि उसने सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी, सबा एनर्जी कारपोरेशन लिमिटेड से पर्याप्त पारिश्रमिक से कम (एलटीएआर) पर गैस खरीदी है। यह भी देखा गया है कि सबा एनर्जी कारपोरेशन लिमिटेड ने एक स्पष्टीकरण जारी किया है कि सबा क्षेत्र में गैस की कीमतें मलेशियाई संदर्भ कीमत (एमआरपी) के ***% से कम हैं। इसलिए प्राधिकारी यह निर्धारित करते हैं कि निर्यातक ने सबा एनर्जी कारपोरेशन लिमिटेड से पर्याप्त पारिश्रमिक से कम पर गैस प्राप्त की है, और यह कीमत निर्धारण क्षेत्र-विशिष्ट है। यह कार्यक्रम विशिष्ट है क्योंकि यह विशिष्ट क्षेत्र तक सीमित है जो मलेशियाई संदर्भ कीमत से ***% से कम कीमत पर गैस की बिक्री करता है। तदनुसार, यह प्रतिकार योग्य सब्सिडी है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस सब्सिडी कार्यक्रम के विरुद्ध प्रतिसंतुलनकारी शुल्क लगाया जाना चाहिए।

42. **शिनयी सोलर:** शिनयी सोलर एसडीएन. बीएचडी, मलेशिया ने अनुरोध किया है कि उसने जांच की अवधि अवधि के दौरान कोई छूट, रियायत या विशिष्ट प्रशुल्क प्राप्त नहीं किए हैं। प्राकृतिक गैस आपूर्ति, गैस आपूर्तिकर्ता और उसकी संबद्ध कंपनी के बीच निष्पादित गैस आपूर्ति करार से शासित है, जिसके नाम से गैस मीटर और आपूर्तिकर्ता बीजक जारी किए जाते हैं। गैस मीटर कंपनी और उसकी संबद्ध कंपनी के बीच साझा किया जाता है। कंपनी को गैस आपूर्तिकर्ता से कोई छूट, रियायत या तरजीही प्रशुल्क प्राप्त नहीं होता। गैस लागत को बिना किसी मार्क-अप, मार्जिन या वाणिज्यिक समायोजन के, वास्तविक खपत के आधार पर हमारी कंपनी के बीच आवंटित और वापस चार्ज किया जाता है। प्राधिकारी ने अपने आपूर्तिकर्ता द्वारा प्रकाशित ऐतिहासिक कीमतों से सत्यापन किया है और पाया है कि शिनयी को एलटीएआर पर गैस प्राप्त नहीं हुई है। इस प्रकार, प्राधिकारी निर्धारित करते हैं कि शिनयी सोलर के इस कार्यक्रम के विरुद्ध प्रतिसंतुलनकारी शुल्क नहीं लगाया जाना चाहिए।

ii. कार्यक्रम 2: बाज़ार विकास अनुदान

क. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

43. याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया कि योजना निर्यात संवर्धन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एसएमई के लिए मलेशियाई निवेश विकास प्राधिकारी (एमआईडीए) द्वारा शुरू की गई है। एमडीजी कार्यक्रम के तहत एक एसएमई के लिए अधिकतम अनुदान

200,000 आरएम है। एसएमई को कम से कम 60% मलेशियाई इक्विटी स्वामित्व के साथ कंपनी अधिनियम, 1965 के तहत शामिल किया जाना चाहिए था। साक्ष्य और कानूनी आधार सामान्य नीतियां, सुविधाएं और बाजार विकास अनुदान (एमडीजी)-2016 के लिए दिशानिर्देश हैं।

ख. मलेशिया सरकार/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

44. बाजार विकास अनुदान (एमडीजी) एसएमई मास्टरप्लान का हिस्सा था जो उच्च आय वाले राष्ट्र की स्थिति प्राप्त करने के लिए एसएमई के विकास को गति देने में गेम चेंजर होगा।

45. एमडीजी मलेशियाई एसएमई को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों, व्यापार और निवेश मिशनों/ एक्सपोर्ट एक्सिलरेशन मिशनों, विदेश में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, विदेशी व्यापार और सुपरमार्केट, हाइपरमार्केट या विदेशों में खुदरा केंद्रों में मेड-इन-मलेशिया उत्पादों के लिए सूचीकरण शुल्क जैसे निर्यात संवर्धन गतिविधियों में भाग लेने के लिए 200,000 आरएम तक के प्रतिपूर्ति योग्य अनुदान के लिए आवेदन करने का अवसर प्रदान करता है।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

46. प्राधिकारी नोट करते हैं कि बाजार विकास योजना (एमडीपी) का उद्देश्य निर्यात संवर्धन गतिविधियों में एसएमई की भागीदारी को बढ़ाना है। एमडीपी एसएमई को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों, व्यापार और निवेश मिशन/एक्सपोर्ट एक्सिलरेशन मिशन, अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, विदेशों में सूचीकरण फीस और सुपरमार्केट, हाइपरमार्केट या खुदरा केंद्रों में मलेशिया में निर्मित उत्पादों जैसी निर्यात संवर्धन गतिविधियों में उनकी भागीदारी के लिए 2,00,000 आरएम तक की प्रतिपूर्ति योग्य अनुदान प्रदान करता है। मलेशिया सरकार ने कहा है कि कार्यक्रम में कोई अपेक्षित परिवर्तन नहीं है।

47. सब्सिडी कार्यक्रम प्रत्यक्ष हस्तांतरण निधि के रूप में वित्तीय योगदान के लिए प्रदान करता है और इस प्रकार प्राप्तकर्ता को लाभ प्रदान किया जाता है। सब्सिडी कार्यक्रम विशिष्ट भी है क्योंकि यह निर्यात पर निर्भर है। इसलिए, इस कार्यक्रम को प्रतिकार योग्य के रूप में नोट किया गया है। हालांकि, इस कार्यक्रम के तहत लाभ भाग लेने वाले निर्यातकों द्वारा नहीं लिया जाता है।

iii. कार्यक्रम 3: अग्रणी स्थिति

क. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

48. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि इस कार्यक्रम के तहत अग्रणी स्तर प्रदान की गई कंपनी को कारपोरेट आयकर से छूट मिलेगी। यह कार्यक्रम विनिर्माण क्षेत्र में प्रचारित गतिविधियों/उत्पादों में निवेश को प्रोत्साहित करता है जो अर्थव्यवस्था के विकास और वृद्धि में योगदान कर सकते हैं। यह विनिर्माण क्षेत्र में अनुमोदित प्रचारित उत्पादों/ गतिविधियों के लिए स्थानीय और विदेशी दोनों निवेशकों पर लागू होता है। आयकर के भुगतान से पांच साल की आंशिक छूट प्रदान की जाती है। एक कंपनी अपनी सांविधिक आय के 30% पर कर का भुगतान करती है, जिसमें छूट की अवधि उसके उत्पादन दिवस से शुरू होती है। अग्रणी अवधि के दौरान उपार्जित पूंजी भत्ते और संचित नुकसान को अग्रेणीत किया जा सकता है और कंपनी की अग्रणीय स्तर के बाद की आय से घटाया जा सकता है। कार्यक्रम की मौजूदगी के साक्ष्य के रूप में, याचिकाकर्ताओं ने निम्नलिखित पर भरोसा किया है:

क) निवेश अधिनियम, 1986 का संवर्धन

ख) गैट 1994 के अनुच्छेद xvi:1 और सब्सिडी और प्रतिसंतुलनकारी उपायों संबंधी करार-मलेशिया दिनांक 5 अक्टूबर, 2017 के अनुच्छेद 25 के अनुसरण में पूर्ण अधिसूचना।

ग) http://www.mida.gov.my/home/incentives-in-manufacturing-sector/posts/

घ) संवर्धित क्रियाकलापों और उत्पादों की सूची जो निवेश प्रोत्साहन अधिनियम, 1986 के तहत अग्रणी स्थिति और निवेश कर भत्ते पर विचार करने के लिए पात्र हैं।

ड.) निवेश संवर्धन अधिनियम, 1986 भाग-2 धारा 5, 6, 7, के संवर्धन के मलेशिया अधिनियम, 327 के कानून अग्रणी स्थिति से संबंधित है

च) वेब रिपोर्ट: एक्सिम बैंक का निर्यात ऋण पुनर्वित्त।

छ) मलेशिया के माध्यम से यूएस एक्सट्रूड

ख. मलेशिया सरकार/अन्य हितबद्ध पक्षेकारों द्वारा किए गए अनुरोध

49. किसी संवर्धित क्रियाकलाप में भाग लेने या उस क्रियाकलाप/उत्पाद संवर्धित उत्पाद का उत्पादन करने की इच्छुक किसी भी कंपनी को अग्रणी स्तर प्रदान किया जाए, जो मलेशिया के लिए राष्ट्रीय और रणनीतिक महत्व का हो। संवर्धित क्रियाकलाप और संवर्धित उत्पाद वित्त मंत्री और निवेश और व्यापार मंत्री उद्योग द्वारा निर्धारित किए जाते हैं। संवर्धित उत्पादों और क्रियाकलापों में अन्य में सभी क्षेत्र विनिर्माण, कृषि और सेवाएं शामिल हैं।

50. कृषि और विनिर्माण क्षेत्रों में निवेश करने वाली कंपनियों के लिए प्रमुख कर प्रोत्साहन अग्रणी स्तर और निवेश कर भत्ता हैं। कंपनियां इनमें से किसी एक प्रोत्साहन का लाभ उठा सकती हैं क्योंकि ये प्रोत्साहन परस्पर अनन्य हैं। कंपनियों को अग्रणी स्तर कार्यक्रम के लिए आवेदन मलेशियाई निवेश विकास प्राधिकारी (एमआईडीए), अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और उद्योग मंत्रालय (एमआईटीआई) के तहत एक एजेंसी को प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। इसके बाद कंपनी को एमआईडीए से अग्रणी प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा। यह सुनिश्चित करने किया जाना है कि कंपनी ने लगाई गई शर्तों का अनुपालन किया है। एमआईडीए संतुष्ट होने के बाद कि कंपनी ने शर्तों का पालन किया है, एमआईडीए कंपनी के लिए उत्पादन की तारीख निर्धारित करेगा और कार्यक्रम की शुरुआत और समाप्ति की तारीख निर्धारित करेगा। बाद में, कार्यक्रम के साथ अनुमोदित कंपनियां कर कटौती के लिए दावे की गणना वाले अपने वार्षिक कर विवरणी के साथ इनलैंड राजस्व बोर्ड को अपने दावे प्रस्तुत करती हैं। आवेदकों को अनुमोदन समिति से भी गुजरना होगा।

51. कृषि और विनिर्माण क्षेत्रों में निवेश करने वाली कंपनियों के लिए प्रमुख कर प्रोत्साहन अग्रणी स्तर और निवेश कर भत्ता हैं। ये प्रोत्साहन परस्पर अनन्य हैं। धारा 5-25 निवेश प्रोत्साहन अधिनियम 1986 इसके प्रमाण हैं। लाभ पर देय करों से छूट है। साथ ही, हानियों को अग्रणीत किया जा सकता है।

137. प्राधिकारी नोट करते हैं कि कार्यक्रम सीमा शुल्क (छूट) आदेश 2017 द्वारा शासित है। यह हिस्से पुर्जो और खपत योग्य सामानों पर आयात शुल्क छूट प्रदान करता है। कार्यक्रम का प्रशासन मलेशियाई निवेश विकास प्राधिकारी (एमआईडीए) द्वारा किया जाता है। कार्यक्रम राजस्व अग्रिम के रूप में वित्तीय योगदान प्रदान करता है, जो अन्यथा देय है और इस प्रकार लाभ प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम विशिष्ट भी है क्योंकि यह कुछ मानदंडों की पूर्ति के अधीन है। इसलिए, इस कार्यक्रम को प्रतिकार योग्य होने के लिए नोट किया गया है। तथापि, इस कार्यक्रम के तहत लाभ सहयोगी निर्यातकों द्वारा नहीं लिए जाते हैं।

xx. कार्यक्रम 20: मशीनरी और उपकरण पर आयात शुल्क और बिक्री कर से छूट

क. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

138. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि चूंकि सरकार की नीति है कि विनिर्माण प्रक्रिया में सीधे उपयोग किए जाने वाले और स्थानीय रूप से उत्पादित नहीं किए जाने वाले मशीनरी और उपकरणों पर कर नहीं लगाया जाएगा, इसलिए आयातित मशीनरी और उपकरण पर कर छूट-राजस्व का त्याग दिया जाता है, लेकिन स्थानीय रूप से उपलब्ध नहीं है। आयात शुल्क और बिक्री कर पर पूर्ण छूट दी गई है। स्थानीय रूप से खरीदी गई मशीनरी और उपकरणों पर लाइसेंस प्राप्त विनिर्माण भंडार, बाउंडेड भंडार या मुक्त क्षेत्र से बिक्री कर पर पूर्ण छूट दी जाती है। कार्यक्रम की मौजूदगी के साक्ष्य के रूप में, याचिकाकर्ताओं ने एमआईडीए के प्रशुल्क संबंधी प्रोत्साहनों पर भरोसा किया है।

ख. मलेशिया सरकार /अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

139. मलेशिया सरकार ने अनुरोध किया है कि कार्यक्रम योग्य निर्माता को मशीनरी और उपकरण पर आयात शुल्क छूट प्रदान करता है। एमआईडीए निर्माता की स्थिति की पुष्टि करने के लिए एक पत्र जारी करता है। इसके बाद निर्माता छूट का दावा करता है। छूट के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए, मशीनरी और उपकरण नए, अप्रयुक्त और अनुमोदित निर्माता के परिसर में तैयार उत्पाद की विनिर्माण प्रक्रिया में सीधे उपयोग किए जाने चाहिए। पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले सभी निर्माता इस योजना से लाभान्वित होंगे और एमआईडीए विवेकाधिकार का प्रयोग नहीं करता है। कार्यक्रम में किसी भी परिवर्तन की उम्मीद नहीं है। उनका यह भी अनुरोध है कि यह कार्यक्रम प्रतिकार योग्य नहीं है क्योंकि यह एससीएम करार (सब्सिडी परिभाषा का अपवाद) के अनुबंध I, II और III के प्रावधानों के अनुरूप है । इस कार्यक्रम को नियंत्रित करने वाले कानून और विनियम सीमा शुल्क (छूट) आदेश 2017 में निहित हैं।

140. जांच के तहत कंपनियां पात्रता मानदंडों के अनुरूप थीं जो एमआईडीए के क्षेत्र में हैं।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

141. प्राधिकारी नोट करते हैं कि कार्यक्रम सीमा शुल्क (छूट) आदेश 2017 द्वारा शासित है। यह योग्य निर्माताओं को नए और अप्रयुक्त मशीनरी और उपकरणों पर आयात शुल्क छूट प्रदान करता है। योग्य निर्माता को मशीनरी और उपकरणों पर आयात शुल्क

छूट का मूल्यांकन करने में शामिल है। यह कार्यक्रम मलेशियाई निवेश विकास प्राधिकारी द्वारा प्रशासित किया जाता है।

142. कार्यक्रम राजस्व परित्याग के रूप में वित्तीय योगदान प्रदान करता है, जो अन्यथा देय है और इस प्रकार लाभ प्रदान किया जाता है। यह कार्यक्रम विशिष्ट भी है क्योंकि यह कुछ उद्यमों तक सीमित है जो विनिर्माण गतिविधि के लिए नई मशीनरी और उपकरण आयात करते हैं। इसलिए, इस कार्यक्रम को प्रतिकार योग्य नोट किया जाता है।

143. **शिनयी सोलर:** इसने कार्यक्रम के तहत लाभ नहीं उठाया है। प्राधिकारी यह निर्धारित करते हैं कि इस कार्यक्रम के लिए शिनयी सोलर पर प्रतिसंतुलनकारी शुल्क नहीं लगाया जाना चाहिए।

144. **एसबीएच किबिंग एसडीएन बीएचडी**: निर्यातक द्वारा अपनी प्रतिक्रिया में, साथ ही डेस्क सत्यापन के दौरान प्रस्तुत की गई सूचना और दस्तावेज दर्शाते हैं कि निर्यातक ने कार्यक्रम के तहत लाभ प्राप्त किया है। तदनुसार, प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस सब्सिडी कार्यक्रम के विरुद्ध प्रतिसंतुलनकारी शुल्क की आवश्यकता है।

xxi. कार्यक्रम 21: कच्ची सामग्री/घटकों पर आयात शुल्क से छूट

क. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

145. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि इस कार्यक्रम के तहत, कच्चे माल/घटकों पर आयात शुल्क से पूर्ण छूट आम तौर पर दी जाती है, बशर्ते कि कच्चे माल/घटक स्थानीय रूप से उत्पादित न हों या यदि स्थानीय रूप से उत्पादित हों, तो वे स्वीकार्य गुणवत्ता और कीमत के न हों। यह इस बात की परवाह किए बिना है कि तैयार उत्पाद निर्यात या घरेलू बाजार के लिए हैं या नहीं। पात्रता यह है कि कंपनियां विनिर्माण गतिविधियों में शामिल होनी चाहिए।

ख. मलेशिया सरकार /अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

146. मलेशिया सरकार ने उल्लेख किया है कि इस कार्यक्रम को नियंत्रित करने वाले कानून और विनियम सीमा शुल्क अधिनियम 1967 की धारा 14(2) में निहित हैं। यह योग्य निर्माता को कच्चे माल और घटकों पर आयात शुल्क छूट प्रदान करता है। शुल्क छूट संबंधी एक समिति गठित की गई है जिसमें वित्त मंत्रालय, एमआईटीआई, आरएमसीडी

और एमआईडीए के प्रतिनिधियों से बने सदस्य शामिल हैं। पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले सभी निर्माताओं को इस योजना से लाभ होगा और एमआईडीए विवेकाधिकार का प्रयोग नहीं करता है। यह भी उल्लेख किया गया है कि यह कार्यक्रम प्रतिकार योग्य नहीं है क्योंकि यह एससीएम करार (सब्सिडी परिभाषा का अपवाद) के अनुबंध I, II और III के प्रावधानों के अनुरूप हैं। जांचाधीन कंपनियां पात्रता मानदंडों के अनुरूप थीं जो एमआईडीए के क्षेत्र में हैं।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

147. प्राधिकारी नोट करते हैं कि कार्यक्रम सीमा शुल्क अधिनियम 1967 की धारा 14(2) द्वारा शासित है। इस कार्यक्रम में उस कच्ची सामग्री/संघटक पर योग्य विनिर्माता को आयात शुल्क छूट दी जाती है जो स्थानीय रूप से उपलब्ध नहीं हैं। कार्यक्रम राजस्व फोरगॉन के रूप में वित्तीय योगदान प्रदान करता है, जो अन्यथा देय है और इस प्रकार लाभ प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम विशिष्ट भी है क्योंकि यह एक उद्यम तक सीमित है जो कच्चे माल का उपयोग करता है जो स्थानीय रूप से उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए, इस कार्यक्रम को प्रतिकार योग्य के रूप में नोट किया गया है। हालांकि, इस कार्यक्रम के तहत लाभ सहयोगी निर्यातकों द्वारा नहीं लिया जाता है।

xxii. कार्यक्रम 22: निर्यात के संवर्धन के लिए दोहरी कटौती

क. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

148. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि इस कार्यक्रम के कर कटौती उन खर्चों के लिए निर्यातकों को दी जाती है, जिनका उद्देश्य निर्यातों का संवर्धन करना और विदेशों में सामान की आपूर्ति करना, सेवाओं के निर्यात के संवर्धन के लिए मलेशिया से किसी मीडिया में प्रचार और विज्ञापन करना, सेवाओं के संवर्धन के प्रयोजन के लिए विदेश में कार्यालय के रखरखाव की लागत पर खर्च करना है। कार्यक्रम की मौजूदगी के साक्ष्य के रूप मे, याचिकाकर्ताओं ने निम्नलिखित पर भरोसा किया है:

- निवेश संवर्धन अधिनियम, 1986 की धारा 41
- आयकर निर्यात संवर्धन नियमावली 1986
- डब्ल्यूटी/टीपीआर/एस/292
- डब्ल्यूटीओ-अधिसूचना-जी/एससीएम/एन/3/एमवाईएस-1995

- मलेशिया से यूएस कार्बन स्टील वायर रॉड

ख. मलेशिया सरकार/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

149. मलेशिया सरकार ने अनुरोध किया है कि यह कार्यक्रम जिसका प्रावधान नियमावली 1986 के नियम 4(2) के साथ पठित निवेश संवर्धन अधिनियम (पीआईए), 1986 (अधिनियम 327) की धारा 41 में किया गया है, अवसर लेने के उद्देश्य से प्राथमिक रूप से और प्रमुख रूप से आधार अवधि में किए गए खर्चों के संबंध में सभी आवासी ट्रेडिंग, विनिर्माण या कृषि कंपनियों के लिए या मलेशियाई विनिर्मित सामानों या कृषि उत्पादों के निर्यात के लिए मांग सृजित करने या बढ़ाने पर किए गए खर्चों के लिए लागू है। कार्यक्रम में कोई अनुमानित परिवर्तन नहीं है। कटौती अग्रेणीत की जा सकती है।

150. यह भी अनुरोध किया गया है कि आवेदक कंपनियों को फॉर्म भरकर प्रोत्साहन के लिए दावा करना होगा और विज्ञापन, यात्रा और संबंधित निर्यात प्रचार व्यय के लिए विदेशों में किए गए खर्चों से संबंधित व्यावसायिक रसीदों की प्रतियों के साथ दावों को प्रमाणित करना होगा। मूल सहायक दस्तावेजों को आईआरबी द्वारा ऑडिट उद्देश्यों के लिए कंपनी द्वारा रखा जाना चाहिए।

151. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में भाग लेने के मामले में, कंपनियों को मैट्रेड से अनुमोदन पत्र प्राप्त करना आवश्यक है।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

152. प्राधिकारी नोट करते हैं कि कार्यक्रम निवेश संवर्धन अधिनियम (पीआईए) 1986 (अधिनियम 327) की धारा 41 और आयकर (निर्यात संवर्धन) नियमावली 1986 के नियम 4(2) द्वारा शासित है। इस कार्यक्रम के तहत निर्यात को बढ़ावा देने के लिए किए गए खर्चों के लिए विनिर्माण, व्यापार और कृषि गतिविधियों में शामिल उद्यम को आय से दोहरी कटौती उपलब्ध है। निर्यात की बढ़ती मांग के लिए किसी कंपनी द्वारा किए गए खर्चों को दोहरी कटौती के लिए अनुमति दी जाती है।

153. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि इस कार्यक्रम में राजस्व परित्याग के रूप में वित्तीय अंशदान का प्रावधान है, जो अन्यथा देय है, और इस प्रकार लाभ प्रदान किया जाता है। इसका लाभ दोहरी कटौती के बाद भुगतान की गई आयकर की राशि और ऐसी

दोहरी कटौती के अभाव में देय आयकर की राशि के बीच का अंतर है। यह कार्यक्रम विशिष्ट भी है क्योंकि यह निर्यात निष्पादन पर निर्भर है और निर्यात संवर्धन गतिविधि में लगे उद्यम तक ही सीमित है। इसलिए, इस कार्यक्रम को प्रतिकार योग्य माना जाता है। हालाँकि, इस कार्यक्रम के तहत सहयोगी निर्यातकों द्वारा लाभ नहीं उठाया जाता है।

xxiii. कार्यक्रम 23: निर्यात कार्गो को बढ़ावा देने के लिए दोहरी कटौती

क. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

154. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि इस कार्यक्रम के तहत एक निर्यातक निर्यात कार्गो पर प्रीमियम बीमा के लिए कर योग्य आय से कटौती कर सकता है और कर बीमा के लिए क्षेत्रीय कर कटौती कर सकता है। कार्यक्रम की मौजूदगी के साक्ष्य के रूप में, याचिकाकर्ताओं ने निम्नलिखित पर भरोसा किया है:

क) निवेश संवर्धन अधिनियम, 1986
ख) आयकर निर्यात संवर्धन नियमावली 1986
ग) कंपनियों के लिए कर प्रोत्साहन
घ) प्राधिकारी के अन्य जांच परिणाम

ख. मलेशिया सरकार/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

155. मलेशिया सरकार ने अनुरोध किया है कि मलेशिया से निर्यात किए गए माल के बीमा पर प्रीमियम लेने वाले व्यक्ति को दोहरी कटौती की अनुमति है, बशर्ते कि जोखिमों का बीमा मलेशिया में निगमित बीमा कंपनी के साथ किया गया हो। भुगतान किया गया प्रीमियम आयकर अधिनियम 1967 की धारा 33 के अनुसार होना चाहिए। सहायता कर योग्य आय से कटौती है। कटौती को अग्रणीत किया जा सकता है।

156. इस कार्यक्रम को 2016 से रद्द कर दिया गया है। आयकर (निर्यातकों के लिए बीमा प्रीमियम की कटौती) (निरसन) नियमावली 2012 को प्रमाण के रूप में दिया गया है।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

157. प्राधिकारी नोट करते हैं कि कार्यक्रम आयकर (निर्यातकों के लिए बीमा प्रीमियम की कटौती) नियमावली 1995 द्वारा शासित था और आयकर (निर्यातकों के लिए बीमा प्रीमियम की कटौती) (निरसन) नियमावली 2012 को 2016 से हटा दिया गया है।

xxiv. कार्यक्रम सं. 24: बढ़े हुए निर्यात के लिए भत्ता

क. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

158. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि यह कार्यक्रम आयकर अधिनियम 1967 की धारा 154(1) और आयकर (बढ़े हुए निर्यात के लिए भत्ता) नियमावली, 1999 के नियम 3 और आयकर (बढ़े हुए निर्यात के लिए भत्ता) संशोधन नियमावली 2003 के तहत कंपनियों को प्रदान किए गए कर प्रोत्साहन का रूप है। कोई निर्यातक बढ़े हुए निर्यात के लिए कर योग्य आय से 70% कर कटौती का लाभ ले सकता है। साथ ही, यदि उक्त भत्ते का उपयोग अर्जित वर्ष के दौरान नहीं किया जाता है तो इसे अगले मूल्यांकन वर्ष में अग्रेणीत किया जा सकता है। कार्यक्रम की मौजूदगी के साक्ष्य के रूप में, याचिकाकर्ताओं ने निम्नलिखित पर भरोसा किया है:

क) निवेश संवधर्न अधिनियम, 1986
ख) आयकर अधिनियम 1967
ग) सीमा शुल्क अधिनियम 1967
घ) बिक्री कर अधिनियम 1972
ड.) उत्पाद शुल्क अधिनियम 1976
च) मुक्त व्यापार क्षेत्र अधिनियम 1990

ख. मलेशिया सरकार /अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

159. मलेशिया सरकार ने अनुरोध किया है कि एक आवासी विनिर्माण कंपनी या कृषि कंपनी जो निर्मित उत्पादों या कृषि उत्पादों का निर्यात करती है, उसे निर्यात में वृद्धि के लिए भत्ता दिया जाना होता है। यह सहायता कर योग्य आय से छूट है। यह भत्ता अग्रेणीत किया जा सकता है। कार्यक्रम में कोई अनुमानित परिवर्तन नहीं है। आयकर (बढ़े हुए निर्यात के लिए भत्ता) नियमावली 1999 साक्ष्य के रूप में दी गई है। नियमावली में निम्नलिखित परिभाषाएँ निहित हैं:

क. कृषि उपज का अर्थ है ताजे और सूखे फल, ताजे और सूखे फूल, सजावटी पौधे और सजावटी मछली, जमे हुए कच्चे झींगे या झींगा, जमे हुए पके और छिले हुए झींगे और जमे हुए कच्चे मवेशी, मछली और स्क्विड;

ख. निर्यात का अर्थ सीधे निर्यात से है जिसमें मुक्त औद्योगिक क्षेत्रों और लाइसेंस प्राप्त विनिर्माण गोदामों को बिक्री शामिल नहीं है;

ग. मूल्य वर्धित का अर्थ है कच्चे माल की कुल लागत से कम कारखानागत कीमत पर सामानों की बिक्री कीमत; और

घ. बढ़े हुए निर्यात का मूल्य अर्थ आधार अवधि में निर्यात किए गए उत्पादों के फ्री-ऑन-बोर्ड (एफओबी) मूल्य और तुरंत पहले की अवधि के मूल्य के बीच का अंतर है। एफओबी मूल्य में माल भाड़ा शुल्क और बीमा लागत शामिल नहीं होगी।

160. भत्ते का निर्धारण निम्नानुसार किया जाता है:

क. निर्मित उत्पाद

- कंपनी द्वारा निर्मित उत्पादों के बढ़े हुए निर्यातों के मूल्य का 10% जहां निर्यातित उत्पादों ने कम से कम 30% का मूल्य वर्धन प्राप्त किया;
- कंपनी द्वारा निर्मित उत्पादों के बढ़े हुए निर्यातों के मूल्य का 15% जहां निर्यातित उत्पादों ने कम से कम 50% मूल्य वर्धन प्राप्त किया।

ख. कृषि उत्पाद

- कंपनी द्वारा कृषि उत्पादों के बढ़े हुए निर्यातों के मूल्य का 10%

161. कंपनी की सांविधिक व्यापार आय के सत्तर प्रतिशत के लिए भत्ता दिया जाएगा। सेट ऑफ न किए गए किसी भी निर्यात भत्ते को भावी वर्षों में सांविधिक आय के सत्तर प्रतिशत के लिए सेट ऑफ होने हेतु अग्रेणीत किया जाएगा।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

162. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग के साथ-साथ मलेशिया सरकार और अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों की जांच की है। यह नोट किया जाता है कि एक आवासी विनिर्माण कंपनी या कृषि कंपनी जो निर्मित उत्पादों या कृषि उत्पादों का निर्यात करती है, उसे निर्यात में वृद्धि के लिए भत्ता दिया जाना होता है। भत्ता कंपनी द्वारा निर्मित उत्पादों के निर्यात में वृद्धि के मूल्य के 10% या 15% के बराबर है। सांविधिक व्यवसाय आय के 70% के लिए भत्ता दिया जाएगा।

163. प्राधिकारी ने यह भी नोट किया कि इस कार्यक्रम में उस राजस्व परित्याग के रूप में वित्तीय योगदान का प्रावधान है, जो अन्यथा देय है। कार्यक्रम विशिष्ट भी है क्योंकि यह निर्यात निष्पादन पर निर्भर है। इसलिए, इस कार्यक्रम को प्रतिकार होने के रूप में नोट किया गया है। हालांकि, इस कार्यक्रम के तहत लाभ सहयोगी निर्यातकों द्वारा नहीं लिया जाता है।

xxv. कार्यक्रम 25: मुक्त व्यापार क्षेत्रों में निर्यातकों के लिए कर छूट

ख. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

164. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि मलेशिया 17 मुक्त वाणिज्यिक क्षेत्रों और 18 मुक्त औद्योगिक क्षेत्रों से युक्त एक व्यापक मुक्त क्षेत्र व्यवस्था संचालित करता है, जो स्पष्ट रूप से महत्वपूर्ण राजकोषीय रियायतें प्रदान करके निर्यातोन्मुख गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। मुक्त क्षेत्र अधिनियम, 1990 की धारा 4 के तहत, किसी भी विवरण की वस्तुओं और सेवाओं (जब तक कि विशेष रूप से निषिद्ध न हो) को सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क, बिक्री कर या सेवा कर के भुगतान के बिना एक मुक्त क्षेत्र के भीतर लाया, उत्पादित, निर्मित या प्रदान किया जा सकता है। ये सांविधिक छूटें सरकार द्वारा परित्यक्त राजस्व के रूप में प्रत्यक्ष वित्तीय अंशदान हैं जो अन्यथा देय हो, जिससे ऐसे क्षेत्रों के भीतर काम करने वाले उद्यमों को लाभ होगा।

165. यह भी उल्लेख किया गया है कि पोर्ट क्लैंग जैसे प्रमुख केंद्रों सहित मुक्त वाणिज्यिक क्षेत्र, कंपनियों को अप्रत्यक्ष करों से मुक्त कच्चे माल, घटकों, उपकरणों और मशीनरी का आयात करने की अनुमति देते हैं, जिससे इनपुट लागत काफी कम हो जाती है और इन क्षेत्रों में स्थित निर्यातोन्मुख उत्पादकों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ जाती है। मुक्त

क्षेत्रों के भीतर कर-मुक्त आयात और उत्पादन तक पहुंच, मुक्त क्षेत्र अधिनियम के तहत स्थान और अनुमोदन पर निर्भर है, जो इन निर्दिष्ट क्षेत्रों के भीतर काम करने वाले उद्यमों के लिए वास्तविक विशिष्टता को दर्शाता है। तदनुसार, घरेलू उद्योग का तर्क है कि मुक्त क्षेत्र व्यवस्था एससीएम करार के अभिप्राय से एक सब्सिडी है, क्योंकि इसमें सरकार के राजस्व का परित्याग शामिल है, एक मापनीय लाभ प्रदान करता है, और मुक्त वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले उद्यमों के एक परिभाषित समूह तक सीमित है।

ख. मलेशिया सरकार/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

166. मलेशिया सरकार ने विस्तृत क्षेत्रीय प्रोत्साहन कार्यक्रम दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए हैं बल्कि साक्ष्य के लिए एएससीएम अपेक्षाओं और किसी भी अतिरिक्त सब्सिडी कार्यक्रमों को शामिल करने से पहले उचित औचित्य की आवश्यकता पर जोर दिया है। निर्यातकों ने इस योजना के तहत प्राप्त किसी भी लाभ से इनकार कर दिया है।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

167. प्राधिकारी ने मलेशिया सरकार और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा कथित सब्सिडी कार्यक्रमों की मौजूदगी, प्रकृति और मात्रा निर्धारण के संबंध में किए गए अनुरोधों की जांच की है, जिसमें राजकोषीय प्रोत्साहन और कर संबंधी उपाय शामिल हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि ये अनुरोध अन्य बातों के साथ-सा इस आधार पर मोटे तौर पर कथित कार्यक्रम के प्रतिकार योग्य विशेषता का विरोध करते हैं कि ये उपाय किसी वित्तीय योगदान में शामिल नहीं है या कोई मापनीय लाभ प्रदान नहीं करते है, लागू कानूनी ढांचे के अर्थ के भीतर विशिष्ट नहीं है, और किसी भी मामले में, जांच की अवधि के दौरान संबद्ध सामानों केा सब्सिडीकरण नहीं होता है।

168. प्राधिकारी यह पाते हैं कि मलेशिया सरकार ने इस कार्यक्रम पर विशिष्ट विवरण नहीं दिया है और एएससीएम के अनुच्छेद 11.2 के तहत प्रस्तुत किए जा रहे पर्याप्त साक्ष्य के बिना इसकी जांच में प्रक्रियात्मक आधारों पर आपत्ति की है। दोनों निर्यातकों ने इस योजना के तहत कोई लाभ लेने से इनकार किया है।

169. प्राधिकारी ने रिकॉर्ड में उपलब्ध सूचना को नोट किया है और वे यह पाते हैं कि इस कार्यक्रम में उस परित्यक्त राजस्व के रूप में वित्तीय अंशदान का प्रावधान है, जो

अन्यथा देय है। यह कार्यक्रम विशिष्ट भी है क्योंकि यह निर्यात निष्पादन पर निर्भर है। अत:, यह कार्यक्रम प्रतिकार योग्य नोट किया जाता है। तथापि, इस कार्यक्रम के तहत लाभ प्रतिभागी निर्यातकों द्वारा नहीं लिया जाता है।

i. कार्यक्रम 26: लाइसेंस विनिर्माण भंडारगृह

170. इस कार्यक्रम का खुलासा निर्यातक की प्रश्नावली के उत्तर तथा मलेशिया सरकार के पूरक उत्तर के माध्यम से हुआ था। याचिकाकर्ता ने इस योजना के संबंध में कोई अनुरोध किया है। मलेशिया सरकार ने कार्यक्रम के संबंध में कोई अनुरोध नहीं किए हैं।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

171. प्राधिकारी नोट करते हैं कि कार्यक्रम का संचालन रॉयल मलेशियाई सीमा शुल्क विभाग द्वारा किया जाता है। यह कार्यक्रम सीमा शुल्क अधिनियम, 1967 की धारा 65 और धारा 65क द्वारा शासित है।

172. प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस कार्यक्रम के तहत अनुमोदित उत्पादों के विनिर्माण प्रक्रिया में सीधे उपयोग किए जाने वाले सभी कच्चे माल/घटकों को सीमा शुल्क और बिक्री कर से छूट दी जाती है। सहयोगी निर्यातक और मलेशिया सरकार के उत्तरों से यह नोट किया जाता है कि इस कार्यक्रम के तहत केवल अनुमोदित अंतिम उत्पादों की प्रत्यक्ष विनिर्माण प्रक्रिया के लिए आवश्यक मशीनरी और उपकरण ही सीमा शुल्क और बिक्री कर से छूट के लिए पात्र हैं। इसके अलावा, एलएमडब्ल्यू में विनिर्माण प्रक्रिया में सीधे उपयोग की जाने वाली मशीनरी/उपकरण को आयात शुल्क/बिक्री कर से छूट दी गई है।

173. प्राधिकारी नोट करते हैं कि यह कार्यक्रम अनुमोदित उत्पादों के विनिर्माण प्रक्रिया में सीधे उपयोग किए जाने वाले सभी कच्चे माल/घटकों पर सीमा शुल्क और बिक्री कर की छूट प्रदान करता है। सब्सिडी कार्यक्रम विशिष्ट भी है क्योंकि यह उत्पाद/उद्यम पर निर्भर है। ज़िनयी सोलर (मलेशिया) एसडीएन बीएचडी ने इस कार्यक्रम के तहत लाभ प्राप्त करने की बात स्वीकार की है। इसलिए, इस कार्यक्रम को प्रतिकार योग्य होना नोट किया जाता है।

174. **शिनयी सोलर**: निर्यातक द्वारा अपने उत्तर में, साथ ही डेस्क सत्यापन के दौरान प्रस्तुत की गई सूचना और दस्तावेज दर्शाते हैं कि निर्यातक ने कार्यक्रम के तहत लाभ प्राप्त किया है। तदनुसार, प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस सब्सिडी कार्यक्रम के विरुद्ध प्रतिसंतुलनकारी शुल्क की आवश्यकता है।

175. **एसबीएच किबिंग एसडीएन बीएचडी:** इसने कार्यक्रम के तहत लाभ प्राप्त नहीं किया है। प्राधिकारी निर्धारित करते हैं कि प्रतिसंतुलनकारी शुल्क इस कार्यक्रम के विरुद्ध निर्यातक पर नहीं लगाए जाने चाहिएं।

च.3.8 सब्सिडी मार्जिन

176. वर्तमान जांच में निर्धारित सब्सिडी मार्जिन इस प्रकार है:

<u>सब्सिडी मार्जिन: शिनयी सोलर</u>

कार्यक्रम सं.	कार्यक्रम का नाम	संक्षिप्त विवरण	सब्सिडी मार्जिन	रेंज %	सब्सिडी की प्रकृति
कार्यक्रम सं. 4	निवेश कर भत्ता	पूंजीगत व्यय पर 100% छूट। फरवरी 2015 से दस (10) वर्षों की अवधि के भीतर उत्पादन सुविधाओं पर किया गया कुल निवेश लागत वर्ष 2015 से संचित आईटीए का पूरी तरह से उपयोग होने तक अर्जित कर योग्य लाभ को ऑफसेट करने के लिए उपयोग किया जा सकता है।	***	0-10	कर प्रोत्साहन/ परित्यक्त राजस्व
कार्यक्रम सं. 17	बिक्री कर छूट	कर योग्य वस्तुओं के विनिर्माण में पूर्णतः और प्रत्यक्ष रूप से उपयोग किए जाने वाले कच्चे माल, घटकों और पैकेजिंग सामग्री के अधिग्रहण पर विशिष्ट व्यक्ति के लिए बिक्री कर के भुगतान से छूट	***	0-10	कर प्रोत्साहन/परित्यक्त राजस्व

कार्यक्रम सं. 26	लाइसेंस विनिर्माण गोदाम	अनुमोदित उत्पादों की विनिर्माण प्रक्रिया में प्रत्यक्ष रूप से प्रयुक्त पूरी कच्ची सामग्री/संघटकों के लिए सीमा शुल्क और बिक्री कर से छूट, इस बात पर ध्यान दिए बिना कि परिष्कृत उत्पादों तक निर्यातों के लिए हैं या स्थानीय बाजार के लिए हैं।	***	0-10	कर प्रोत्साहन/परित्यक्त राजस्व
		कुल		0-10	

<u>सब्सिडी मार्जिन : एसबीएच किबिंग एसडीएन बीएचडी</u>

कार्यक्रम सं.	कार्यक्रम का नाम	संक्षिप्त विवरण	सब्सिडी मार्जिन	रेंज %	सब्सिडी की प्रकृति
कार्यक्रम सं. 1	प्राकृतिक गैस में सब्सिडी	सरकारी विनियमित कीमतों पर प्राकृतिक गैस की उपलब्धता	***	0-10	एलटीआर
कार्यक्रम सं. 4	निवेश कर भत्ता	पूंजीगत व्यय पर 100% छूट। फरवरी 2015 से दस (10) वर्षों की अवधि के भीतर उत्पादन सुविधाओं पर किया गया कुल निवेश खर्च वर्ष 2015 से संचित आईटीए का पूरी तरह से उपयोग होने तक अर्जित कर योग्य लाभ को ऑफसेट करने के लिए किया जा सकता है।	***	0-10	कर प्रोत्साहन/ परित्यक्त राजस्व
कार्यक्रम सं. 17	बिक्री कर छूट	कर योग्य वस्तुओं के विनिर्माण में केवल और प्रत्यक्ष रूप से उपयोग की जाने वाली कच्ची सामग्री, घटकों और पैकेजिंग सामग्री के अधिग्रहण पर विशिष्ट व्यक्ति के लिए बिक्री कर के भुगतान से छूट	***	0-10	कर प्रोत्साहन/ परित्यक्त राजस्व

कार्यक्रम सं. 20	संयंत्र और मशीनरी पर बिक्री कर छूट	कच्चे माल/घटक पर योग्य निर्माता को आयात शुल्क छूट जो स्थानीय रूप से उपलब्ध नहीं है	***	0-10	कर प्रोत्साहन/ परित्यक्त राजस्व
		कुल		0-10	

<u>भाग-III</u>

छ. <u>क्षति और कारणात्मक संपर्क</u>

छ.1 घरेलू उद्योग की ओर से किए गए अनुरोध

177. घरेलू उद्योग ने क्षति और कारणात्मक संपर्क के मुद्दे पर निम्नानुसार अनुरोध किए हैं:

क. घरेलू उद्योग और अन्य उत्पादकों की उपस्थिति के बावजूद, आयात पूरे बाजार पर हावी रहा है। जांच की अवधि के दौरान बाजार हिस्सेदारी का संबद्ध देश से आयात काफी बना रहा।

ख. सब्सिडी वाले आयात घरेलू उद्योग की कीमतों को कम कर रहे हैं जो जांच की अवधि के दौरान काफी सकारात्मक हैं।

ग. संबद्ध आयात ने लगातार घरेलू उद्योग की कीमतों पर दबाव डाला है क्योंकि वे पूरी क्षति अवधि में घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम कीमत पर थी।

घ. जांच की अवधि में, संबद्ध सामानों का पहुंच मूल्य घरेलू उद्योग की बिक्री लागत और बिक्री कीमत से कम था। यह स्पष्ट रूप से घरेलू उद्योग पर कीमत दबाव को दर्शाता है।

ड. सब्सिडी वाले आयात का घरेलू उद्योग की कीमतों पर न्यूनीकरण प्रभाव पड़ा है।

च. भारतीय मांग के पर्याप्त हिस्से को पूरा करने की पर्याप्त क्षमता होने के बावजूद, मांग में घरेलू उद्योग की हिस्सेदारी बहुत कम है।

छ. सब्सिडी वाले आयात के निरंतर दबाव के कारण, घरेलू उद्योग अपने उत्पादन का पर्याप्त रूप से निपटान करने में सक्षम नहीं रहा है। परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग को सामानों का ढेर लगने से बचने के लिए अपनी मालसूची का निपटान करने के लिए निर्यात करने के लिए मजबूर किया गया था।

ज. जांच की अवधि में, घरेलू उद्योग को भारी नकदी नुकसान और नकारात्मक आय हुई है।

झ. घरेलू उद्योग ने यह भी अनुरोध किया है कि जांच की अवधि के बाद मलेशिया से आयात में काफी वृद्धि हुई है।

ञ. पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने और मात्रा बढ़ाने की काफी आवश्यकता है, ताकि घरेलू उद्योग की चीन और वियतनाम से शुल्कों के बाद सुरक्षा की जा सके। पर्याप्त संरक्षण के बिना, चीन से आयात मलेशिया से स्थानांतरित हो जाएगा, क्योंकि मलेशिया में उत्पादक चीनी उत्पादकों अर्थात् शिनयी और किबिंग से 100% संबद्ध कंपनियां हैं।

ट. घरेलू उद्योग इस बात पर जोर देता है कि क्षति के मापदंडों का विश्लेषण अलग-थलग नहीं किया जा सकता है। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि वर्तमान मामले में कीमत कटौती और कीमत ह्रास दोनों हैं। घरेलू उद्योग इस बात पर प्रकाश डालता है कि सभी संगत आर्थिक कारकों का सामूहिक रूप से मूल्यांकन किया जाना चाहिए, भले ही उनमें से सभी क्षति का संकेत न दें।

ठ. घरेलू उद्योग ने भी क्षति के सांख्यिकीय साक्ष्य प्रदान किए और अनुरोध किया कि बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए संस्थापित क्षमता में वृद्धि को क्षति की अनुपस्थिति के रूप में नहीं समझा जाना चाहिए, जैसा कि हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दावा किया गया है। उन्होंने यह भी उजागर किया है कि अधिक उत्पादन, बिक्री और मांग के बावजूद मालसूची में भारी वृद्धि हुई है, जो संबद्ध देशों से संबद्ध सामानों के क्षतिकारक प्रभाव को दर्शाता है।

ड. यह भी अनुरोध किया गया है कि रिकॉर्ड में उपलब्ध सत्यापित आंकड़ों से पता चलता है कि घरेलू उद्योग को भारी क्षति हो रही है क्योंकि हानियां, निवेश पर नकारात्मक आय, बढ़ी हुई मालसूची और बिक्री प्राप्ति में गिरावट करती हुई

कम हुआ क्षमता उपयोग तथा हानियां बिगड़ता हुआ वित्तीय निष्पादन और घटता बाजार हिस्सा है।

ढ. मांग और आपूर्ति के अंतराल के संबंध में, घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया कि भारतीय उत्पादक भारतीय मांग के पर्याप्त हिस्से को पूरा कर सकते हैं, लेकिन सब्सिडी वाले आयात के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। यह भी अनुरोध किया गया है कि अतिरिक्त मॉड्यूल विनिर्माण क्षमताओं के बावजूद, लगातार पाटन/सब्सिडी के कारण अलाभकारी कीमतों की वजह से घरेलू कांच उत्पादन में वृद्धि नहीं हुई है।

ण. गुणवत्ता दावों के संबंध में, घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया कि उसके सामानों की गुणवत्ता आयातित सामानों के बराबर है। यह भी अनुरोध किया गया है कि कुछ पक्षकारों द्वारा घटिया गुणवत्ता में वास्तविक साक्ष्य का साक्ष्य का अभाव है, क्योंकि अंतिम उत्पादों पर कोई सहायक आंकड़ों या प्रभाव प्रदान नहीं किया गया है। हितबद्ध पक्षकारेां द्वारा उठाए गए विशिष्ट मुद्दों के संबंध में, घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि कुछ अपवादों को छोड़कर, हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाए गए अधिकतर मुद्दे उत्पाद से संबंधित नहीं हैं। यह भी अनुरोध किया गया है कि "ग्लास-टू-बैक शीट" से "ग्लास-टू-ग्लास" में परिवर्तन, प्रौद्योगिकी ने मांग में वृद्धि की है और गुणवत्ता संबंधी चिंताओं से असंबद्ध है। इसके अतिरिक्त, पेस्टिंग, लैमिनेशन के दौरान ब्लास्टिंग, चिपकने की विफलता से संबंधित मुद्दों को कांच की गुणवत्ता के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने यह दिखाने के लिए कोई सबूत नहीं दिया है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध सामानों का उपयोग करने के कारण उनके प्रयोक्ताओं द्वारा गुणवत्ता सूचकांक में उनके मॉड्यूल को कम कर दिया गया था।

छ.2 अन्य हितबद्ध पक्षकारों की ओर से किए गए अनुरोध

178. विरोधी पक्षकारों ने क्षति और कारणात्मक संपर्क के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. जांच की अवधि के दौरान घरेलू उत्पादन की मात्रा में लगातार वृद्धि हुई, जिससे यह दावा गलत साबित हो गया कि आयात ने उत्पादन का न्यूनीकरण किया

है। यह वृद्धि दर्शाती है कि घरेलू उद्योग आयात से कथित क्षति के बावजूद उत्पादन बढ़ाने में कामयाब रहा, जिससे पता चलता है कि आयात ने उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता को बाधित नहीं किया।

ख. आयात के कारण होने वाली क्षति को बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया है क्योंकि यह कच्चे माल की कीमत में अस्थिरता, वैश्विक मुद्रास्फीति और आपूर्ति श्रृंखला व्यवधान जैसे महत्वपूर्ण बाहरी कारकों पर विचार करने में विफल रहता है। इन कारकों ने स्वतंत्र रूप से घरेलू उद्योग के वित्तीय स्थिति पर प्रभाव डाला।

ग. घरेलू उद्योग की हानियां क्षमता के अति-विस्तार जैसे निर्णयों से होती है, जिससे उनके वित्तीय संसाधनों पर दबाव पड़ा। इस विस्तार के परिणामस्वरूप उच्च मूल्यह्रास और ब्याज लागत हुई, जिससे परिचालन अक्षमताएँ बढ़ गईं। इन स्व-प्रभावित मुद्दों को आयात के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।

घ. घरेलू उद्योग के क्षति के दावे मुख्य रूप से मलेशियाई आयात से कथित प्रतिकूल कीमत प्रभावों पर निर्भर करते हैं। तथापि, कुल मांग में मलेशिया की हिस्सेदारी में तेजी से गिरावट आई है जिससे वास्तविक क्षति के दावों को अविश्वसनीय बना दिया गया है।

ड. भारत में मांग तेजी से बढ़ी है और नए घरेलू उत्पादकों ने बाजार हिस्सेदारी हासिल कर ली है, जबकि घरेलू उद्योग उच्च क्षमता उपयोग पर काम करने के बावजूद ऐसा करने में विफल रहा है।

च. घरेलू उद्योग ने सब्सिडी या क्षति के जारी रहने या बार-बार होने की संभावना सिद्ध करने वाला कोई विश्लेषण भी प्रस्तुत नहीं किया है, जिससे निर्णायक समीक्षा की मूलभूत आवश्यकता विफल हो गई है।

छ. हितबद्ध पक्षकारों ने उन्नत सौर मॉड्यूल के लिए वैश्विक मानकों द्वारा आवश्यक सख्त विनिर्देशों को पूरा करने में घरेलू उत्पादकों की असमर्थता के बारे में चिंताओं को उजागर किया है।

ज. यह कि घरेलू उद्योग सब्सिडीरोधी नियमावली के अनुबंध-I के तहत अपेक्षानुसार वास्तविक क्षति का पर्याप्त साक्ष्य प्रदान नहीं करता।। इसके अतिरिक्त, इसमें

प्रमुख आर्थिक मापदंडों जैसे उत्पादन, बिक्री, लाभ, क्षमता उपयोग, नकदी प्रवाह और निवेश पर आय का विश्लेषण नहीं है, और इसके बजाय व्यापक असमर्थित आरोपों पर निर्भर करता है। वस्तुनिष्ठ आंकड़ों द्वारा समर्थित घरेलू उद्योग के निष्पादन में गिरावट दर्शाए बिना, जांच की शुरूआत का औचित्य बनाने के लिए कानूनी शुरुआत पूरी नहीं की गई है।

छ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

179. इस संबंध में हितबद्ध पक्षकारों और घरेलू उद्योग द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोधों पर विचार करते हुए, प्राधिकारी ने संबद्ध देशों से सब्सिडी वाले आयात के कारण घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति की जांच की है।

180. सब्सिडी नियमावली का नियम 13 क्षति के निर्धारण को नियंत्रित करने वाले सिद्धांतों से संबंधित है जिसमें निम्नलिखित प्रावधान है:

13. क्षति का निर्धारण-

(1) विनिर्दिष्ट देशों से आयातों के मामले में निर्दिष्ट प्राधिकारी अगला जांच परिणाम देंगे कि भारत में ऐसे आयात के कारण भारत में स्थापित किसी उद्योग को वास्तविक क्षति होती है अथवा क्षति का खतरा होता है अथवा भारत में किसी उद्योग की स्थापना को वास्तविक मंदी होती है ।

(2) सिवाय इसके कि जब क्षति का जांच परिणाम उप नियम (3) के तहत किया जाता है तो निर्दिष्ट प्राधिकारी अन्य बातों के साथ-साथ नियमावली के अनुबंध-1 में निर्धारित सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए किसी उद्योग की स्थापना को क्षति, क्षति का खतरा, वास्तविक मंदी और सब्सिडीयुक्त आयात तथा क्षति के बीच कारणात्मक संपर्क निर्धारित करेंगे ।

(3) निर्दिष्ट प्राधिकारी वहां भी क्षति की मौजूदगी के संबंध में जांच परिणाम दे सकते हैं जहां घरेलू उद्योग का काफी भाग क्षतिग्रस्त नहीं है यदि-

(i) यदि अलग-थलग बाजार में सब्सिडीयुक्त आयातों का संकेन्द्रण है, और

(ii) सब्सिडी आयातों से उस बाजार के अंतर्गत लगभग पूरे उत्पादन के उत्पादकों को क्षति हो रही है ।

181. गुणवत्ता के मुद्दों के संबंध में, यह नोट किया जाता है कि किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने घरेलू उद्योग द्वारा विशिष्ट गुणवत्ता विनिर्देशों को प्राप्त करने में तकनीकी कठिनाई से संबंधित कोई ठोस साक्ष्य प्रदान नहीं किया है।

182. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को क्षति के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों के तर्कों और प्रति-तर्कों की जांच की है। प्राधिकारी द्वारा किए गए क्षति विश्लेषण से हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोध यहां नीचे हल हो जाते हैं।

सब्सिडीकृत आयातों का मात्रात्मक प्रभाव

क. मांग/स्पष्ट खपत का मूल्यांकन

183. प्राधिकारी ने वर्तमान जांच के प्रयोजन के लिए भारत में संबंधित उत्पाद की मांग या स्पष्ट खपत को घरेलू उद्योग और अन्य भारतीय उत्पादकों की घरेलू बिक्री और सभी स्रोतों से आयात के योग के रूप में परिभाषित किया है। इस प्रकार आकलित मांग नीचे दी गई तालिका में दी गई है:

विवरण	यूओएम	2021-22	2022-23	2023-24	पीओआई
मलेशिया से आयात	एमटी	91,949	81,937	-	18,916
अन्य देशों से आयात	एमटी	1,06,487	3,13,588	8,52,440	7,01,564
कुल आयात	एमटी	1,98,436	3,95,524	8,52,440	7,20,480
कुल आयातों में आयात का हिस्सा %					
मलेशिया से आयात	%	46.34%	20.72%	0.00%	2.63%
अन्य देशों से आयात	%	53.66%	79.28%	100.00%	97.37%
घरेलू बिक्री	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	99	240	404
अन्य उत्पादकों की बिक्री	एमटी	-	-	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध			100	386
कुल मांग	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	169	380	402

184. उपरोक्त तालिका से यह स्पष्ट है कि क्षति की अवधि के दौरान भारत में संबद्ध सामानों की मांग में काफी वृद्धि हुई है।

185. यह भी नोट किया गया है कि क्षति की अवधि के दौरान संबद्ध सामानों के आयात में निरपेक्ष मूल्य में सापेक्षिक संदर्भ में दोनों में गिरावट आई है।

ख. मलेशिया से आयात की मात्रा और बाजार हिस्सा

186. प्राधिकारी घरेलू उद्योग के अनुरोधों को दर्ज करते हैं कि मलेशिया से आयात उस अवधि के दौरान बढ़ गया जब चीन के विरुद्ध पाटनरोधी शुल्क लागू थे, अर्थात अगस्त 2017 से अगस्त 2022 तक, जो स्पष्ट रूप से मलेशिया में 100% संबद्ध कंपनियों के माध्यम से काम करने वाले चीन के उत्पादकों द्वारा व्यापार के विचलन को दर्शाता है। चीन के विरुद्ध शुल्क निरस्त करने और चीन के स्वामित्व वाली कंपनियों द्वारा 100% निवेश वाली वियतनामी कंपनी से उत्पादन और निर्यात शुरू होने के बाद मलेशिया से आयात शून्य हो गया। तथापि, दिसंबर 2024 में चीन और वियतनाम पर अस्थायी पाटनरोधी शुल्क लगाने के बाद, मलेशिया से आयात फिर से शुरू हो गया है, जो चीनी उत्पादकों द्वारा नियंत्रित स्रोतों से आयात की प्रवृत्ति की पुष्टि करता है। यह शुल्क लगाने या शुल्क रद्द करने से प्रभावित व्यापार मार्गों के बदलाव को रोकने के लिए शुल्कों के विस्तार के महत्व को दर्शाता है। नीचे दी गई तालिका में भारत में कुल आयात और मांग में संबद्ध देश के आयातों की मात्रा और हिस्से के विवरण दिए गए हैं।

वर्ष	यूओएम	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
मलेशिया से आयात	एमटी	91,949	81,937	0	18,916
अन्य देशों से आयात	एमटी	1,06,488	3,13,587	8,52,440	7,01,564
कुल आयात	एमटी	1,98,437	3,95,524	8,52,440	7,20,480
कुल मांग (एमटी)	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	169	380	617
मांग में % हिस्सा					
संबद्ध देश	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	53	-	5
अन्य देश	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	174	211	164

यह नोट किया जाता है कि मलेशिया से आयात की मात्रा में पिछले वर्षों अर्थात 2022-23 की तुलना में जांच की अवधि में बढ़ती प्रवृत्ति दर्शाई गई है।

ग. <u>उत्पादन के संबंध में आयात</u>

187. जैसा कि ऊपर बताया गया है, उत्पादन से संबंधित संबद्ध देश से आयात की हिस्सेदारी आधार वर्ष यानी 2020-21 में 88.81% से घटकर 2022-23 में शून्य हो गई है।

विवरण	**यूओएम**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**पीओआई**
संबद्ध देश से आयात	एमटी	91,949	81,937	-	18,916
घरेलू उत्पादन	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	109	225	360
उत्पादन में संबद्ध देश का % हिस्सा	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	82	-	6

घ. सब्सिडीकृत आयातों का कीमत प्रभाव

188. नियमावली के अनुबंध-I (3) के संदर्भ में, कीमतों पर सब्सिडी वाले आयात के प्रभाव के संबंध में, प्राधिकारी को यह विचार करने की आवश्यकता है कि क्या भारत में समान उत्पाद की कीमत की तुलना में सब्सिडी वाले आयात द्वारा काफी कीमत कटौती हुई है, या क्या ऐसे आयात का प्रभाव अन्यथा कीमतों को काफी मात्रा तक कम करना है या कीमत वृद्धि को रोकना है, जो अन्यथा काफी मात्रा तक तक हुई होती।

i. कीमत कटौती

189. जांच की अवधि के लिए आयात की पहुंच कीमत के साथ घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्राप्ति की तुलना करके मूल्य कीमत निर्धारित की गई है। यह देखा जाता है कि जांच की अवधि के दौरान कीमत कटौती सकारात्मक है।

विवरण	इकाई	2021-22	2022-23	2023-24	पीओआई
पहुंच मूल्य	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	109	-	73
घरेलू बिक्री कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	97	78	77
कीमत कटौती	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	52	-	93
कीमत कटौती %	%	***	***	***	***
कीमत कटौती %	रेंज	20-30	10-20	-	30-40

190. यह देखा जाता है कि मलेशिया से कीमत कटौती लगातार सकारात्मक बनी हुई है, जो यह दर्शाता है कि पूरी क्षति की अवधि के दौरान मलेशियाई आयात को घरेलू उद्योग के बिक्री कीमत से कम कीमत पर रखे गये है। घरेलू उद्योग ने यह भी दावा किया है कि चीन और वियतनाम पर अनंतिम शुल्क लगाने के बाद, मलेशियाई निर्यातकों ने अपनी पहुंच कीमत को 2021-22 में ***रुपये/एमटी से घटाकर जांच की अवधि में ***/एमटी कर दिया, जिससे कीमत दबाव बढ़ा। इस तेज गिरावट से कटौती मार्जिन मे ***% की तेज वृद्धि हुई, जिससे घरेलू उद्योग की कीमत निर्धारण क्षमता और बाजार की स्थिति पर गंभीर प्रभाव पड़ा।

ii. कीमत ह्रास/न्यूनीकरण

191. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या सब्सिडी वाले आयात घरेलू कीमतों को कम कर रहे हैं और क्या ऐसे आयातों का प्रभाव कीमतों को काफी हद तक न्यूनीकृत करना है या कीमत वृद्धि को रोकना है जो अन्यथा सामान्य क्रम में हुई होती, क्षति की अवधि में लागत और कीमतों में परिवर्तन की तुलना निम्नानुसार की गई थी:

विवरण	इकाई	2021-22	2022-23	2023-24	पीओआई
घरेलू बिक्री कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	108	96	86
बिक्री कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	97	78	77

पहुंच कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	109	-	73

192. प्राधिकारी उपरोक्त से नोट करते है कि पूरी क्षति अवधि के दौरान आयातों का पहुंच मूल्य घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम था। जांच की अवधि के दौरान, संबद्ध सामानों का पहुंच मूल्य घरेलू उद्योग की बिक्री लागत और उसके घरेलू बिक्री कीमत से कम रहा। इसने घरेलू उद्योग को बिक्री की लागत के साथ अपनी कीमत को बनाए रखने से रोक दिया। अत:, यह नोट किया जाता है कि आयात ने कीमत वृद्धि को रोक दिया है, जो अन्यथा, हुई होती। इस प्रकार, आयात का घरेलू उद्योग की कीमतों पर ह्रासमान प्रभाव पड़ा है।

193. घरेलू उद्योग ने यह भी अनुरोध किया है कि मलेशियाई निर्यातकों द्वारा आक्रामक कीमत निर्धारण से उनकी बिक्री कीमतें को काफी हो गई हैं, जिससे लाभप्रदता और वसूली कमजोर हुई है। इसके अतिरिक्त, इन निर्यातकों की कम समय में आयात की मात्रा को तेजी से बढ़ाने की प्रदर्शित क्षमता से क्षति के तेज होने का खतरा और बढ़ जाता है। ये कारक स्पष्ट रूप से व्यापार उपचारात्मक उपायों के अभाव में निरंतर और बार-बार क्षति होने की प्रबल संभावना को दर्शाते हैं।

iii. घरेलू उद्योग से संबंधित आर्थिक मापदंड

194. सब्सिडीरोधी नियमावली में यह अपेक्षित है कि क्षति के निर्धारण में संबद्ध सामानों के घरेलू उत्पादकों पर सब्सिडी वाले आयात के परिणामी प्रभाव की एक वस्तुनिष्ठ जांच शामिल हो। नियमावली में यह भी प्रावधान है कि घरेलू उद्योग पर सब्सिडी वाले आयात के प्रभाव की जांच में उद्योग की स्थिति पर असर डालने वाले सभी संगत आर्थिक कारकों और तत्वों सूचकांकों का एक वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन शामिल होना चाहिए, जिसमें बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्सेदारी उत्पादकता, निवेश पर आय या क्षमता का उपयोग में वास्तविक और संभावित गिरावट शामिल है; घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक, सब्सिडी के मार्जिन की मात्रा; नकदी प्रवाह, मालसूची, रोजगार, मजदूरी, विकास, पूंजी निवेश बढ़ाने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभाव भी इसमें शामिल हैं। घरेलू उद्योग से संबंधित विभिन्न क्षति मापदंडों पर नीचे चर्चा की गई है:

iv. उत्पादन, क्षमता, क्षमता उपयोग और बिक्री मात्रा

195. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की क्षमता, उत्पादन, बिक्री और क्षमता उपयोग निम्नानुसार था:

विवरण	इकाई	2021-22	2022-23	2023-24	पीओआई
क्षमता (एमटी)	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	112	255	363
कुल उत्पादन (एमटी)	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	109	241	348
केवल विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन(एमटी)	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	109	225	360
क्षमता उपयोग (%)	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	97	95	96
घरेलू बिक्री	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	99	240	404
निर्यात बिक्री	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	137	145	166

196. घरेलू उद्योग द्वारा यह अनुरोध किया गया है कि 2021-22 से जांच की अवधि तक मांग में छह गुना से अधिक की तेज वृद्धि के बावजूद, वे अपनी क्षमताओं का पूरी तरह से उपयोग करने में असमर्थ थे, क्षमता उपयोग आधार वर्ष यानी 2021-22 में ***% से घटकर जांच की अवधि में ***% हो गया। यह भी अनुरोध किया गया है कि बढ़ती मांग और उप-इष्टतम उत्पादन के बीच यह बेमेल स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि घरेलू उद्योग चीनी उत्पादकों के प्रभुत्व वाले व्यापार उपचारात्मक जांच के अधीन स्रोतों से अनुचित आयात के निरंतर हानिकारक प्रभावों के कारण बाजार के अवसरों का लाभ उठाने में असमर्थ था। घरेलू उद्योग द्वारा यह भी अनुरोध किया गया है कि मौजूदा शुल्कों के विस्तार और वृद्धि के संदर्भ में मलेशिया के विरुद्ध इस बढ़े हुए सुरक्षा संरक्षण को पूरा करने के लिए नई क्षमताएं स्थापित की गई हैं और अधिक की योजना बनाई गई है।

v. बाजार हिस्सा

197. घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि आधार वर्ष यानी 2021-22 की तुलना में जांच की अवधि के दौरान उनकी बाजार हिस्सेदारी में गिरावट आई है। यह भी अनुरोध किया गया है कि 2015 से, वे, या तो सीधे चीन से[1] अथवा मलेशिया और वियतनाम[2] में रणनीतिक निवेश के माध्यम से निरंतर दबाव में हैं। याचिकाकर्ता द्वारा बाजार हिस्सेदारी में परिवर्तन, चीन से आयात और अन्य देशों से आयात के संबंध में सूचना निम्नानुसार है।

निम्नलिखित का बाजार हिस्सा	**इकाई**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**पीओआई**
मांग	एमटी	***	***	***	***
मांग में हिस्सा					
मलेशिया से आयात	सूचीबद्ध	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	53	-	5
अन्य देशों से आयात		***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	174	211	164
कुल आयात		***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	118	113	90
घरेलू बिक्री		***	***	***	***

198. उपर्युक्त से, यह नोट किया जाता है कि संबद्ध सामानों की मांग में पर्याप्त वृद्धि के बावजूद, घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी जांच की अवधि के दौरान ***% रही, जो बढ़ती खपत से लाभ उठाने में इसकी अक्षमता को दर्शाती है। शुल्क लगने वाले देशों से आयातों में जांच की अवधि में ***% हिस्सा रखकर बाजार में प्रभाव बनाया, जबकि

[1] चीनी आयात पर पाटनरोधी शुल्क 18.08.2017 से 17.08.2022 तक प्रभावी था और नए शुल्क 4.12.2024 से 3.12.2029 तक प्रभावी होंगे, जिसके दौरान चीन से आयात में काफी गिरावट आई है।

[2] वियतनाम के विरुद्ध पाटनरोधी शुल्क 4.12.2024 से 3.12.2029 तक प्रभावी।

मलेशिया आयात, जिनका पूर्व में काफी हिस्सा था, पुन: ***% के साथ आए। घरेलू उद्योग ने यह भी अनुरोध किया कि चूंकि मलेशिया में निर्यातक चीनी उत्पादकों द्वारा नियंत्रित हैं, इसलिए किसी भी समय मलेशिया का हिस्सा काफी और प्रभावी नहीं होगा।

199. घरेलू उद्योग ने आगे यह भी अनुरोध किया है कि आयात प्रभाव के सार्थक मूल्यांकन के लिए, प्राधिकारी को मलेशिया, चीन और वियतनाम से आयात के संयुक्त हिस्से पर विचार करना चाहिए, क्योंकि ये प्रभावी रूप से चीनी उत्पादकों के एक ही सेट द्वारा नियंत्रित हैं। ये निर्यातक, जो अक्सर हांगकांग में कंपनियों के माध्यम से काम करते हैं, भारत में अपने निर्यात को भेजने के लिए रणनीतिक रूप से कई न्यायधिकरणों का उपयोग करते हैं। यह समन्वित व्यवस्था आपूर्ति स्रोत चुनने की सुविधा को सक्षम बनाती है और बढ़ती मांग के बावजूद घरेलू उद्योग की बाजार उपस्थिति का विस्तार करने की क्षमता को गंभीर रूप से प्रतिबंधित करती है।

vi. लाभप्रदता, नकद लाभ और निवेश पर आय

200. लाभप्रदता, निवेश पर आय और नकद लाभ के संबंध में सूचना इस प्रकार थी:

विवरण	यूओएम	2021-22	2022-23	2023-24	पीओआई
निवल बिक्री कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	97	78	77
बिक्री लागत	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	108	96	86
कर पूर्व लाभ	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	-100	-342	-499	-300
ब्याज	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	237	670	290
पीबीआईटी	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	-100	-348	-488	-301
मूल्यह्रास	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	54	174	257
नकद लाभ	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	-100	-523	-703	-327
आरओसीई	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	-100	-166	-106	-99

201. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि उन्हें मार्च 2021 में मलेशिया से आयात पर सब्सिडीरोधी शुल्क लगाने के बाद सुधार की उम्मीद है। तथापि, डीजीटीआर की सकारात्मक सिफारिश के बावजूद चीन के विरुद्ध शुल्क ना बढ़ाने जाने के साथ-साथ वियतनाम से बढ़ते आयात ने चीनी निर्यातकों को इन वैकल्पिक मार्गों का फायदा उठाने और भारतीय बाजार में बाढ़ लाने की अनुमति दी। घरेलू उद्योग ने यह भी अनुरोध किया है कि इस पूरी अवधि के दौरान, चीन, मलेशिया और वियतनाम के माध्यम से काम करने वाले चीनी मूल के निर्यातकों ने घरेलू कीमतों को कम करना जारी रखा, जिससे निरंतर क्षति हुई। अनुचित कीमत वाले आयात के इस प्रवाह ने घरेलू उद्योग की लाभप्रदता को कम कर दिया, लाभकारी स्तर तक कीमत वृद्धि को प्रतिबंधित कर दिया, और नकदी लाभ और नियोजित पूंजी पर आय की वसूली को रोक दिया। इसलिए, घरेलू उद्योग ने प्रभावी सुरक्षा प्रदान करने और लंबे समय से बकाया वसूली को सक्षम करने के लिए सब्सिडीरोधी शुल्क जारी रखने की सिफारिश करने के लिए प्राधिकारी से अनुरोध किया।

vii. उत्पादकता, रोजगार और मजदूरी

202. पूरी क्षति अवधि में उत्पादकता, रोजगार और मजदूरी के संबंध में सूचना निम्नानुसार है:

विवरण	यूओएम	2021-22	2022-23	2023-24	पीओआई
कर्मचारियों की संख्या	संख्या	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	138	224	215
वेतन और मजदूरी	लाख रु.	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	77	202	475
प्रतिदिन उत्पादकता	एमटी/ दिन	***	***	***	***

प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	109	225	360

203. यह देखा जाता है कि क्षमताओं में वृद्धि के कारण क्षति की अवधि में कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि हुई है। यह अनुरोध किया जाता है कि घरेलू उद्योग की उत्पादकता में भी वृद्धि हुई है, जो यह दर्शाता है कि रोजगार में वृद्धि से उत्पादकता में कोई हानि नहीं हुई है। इस अवधि के दौरान भुगतान की गई प्रदत्त मजदूरी में भी वृद्धि हुई है।

viii. मालसूची

204. जांच की अवधि में घरेलू उद्योग की मालसूची पिछले वर्षों की तुलना में बढ़ी है। घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि यह पाटित आयातों के क्षतिकार प्रभाव दर्शाता है। घरेलू उद्योग में मालसूची के संबंध में सूचना निम्नानुसार है:

विवरण	**यूओएम**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**पीओआई**
औसत मालसूची	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	278	415	506

205. आवेदक की मालसूची का स्तर पिछले किसी भी वर्ष की तुलना में जांच की अवधि के दौरान काफी और सबसे अधिक है।

ix. वृद्धि

206. वृद्धि ने भी समान प्रवृत्ति अपनाई है जैसी कि लाभप्रदता, नकदी प्रवाह और आरओसीई में अपनाई है। वृद्धि के मापदंड अधिकतर मापदंडों के लिए नकारात्मक वृद्धि दर्शाते हैं। विवरण नीचे दी गई तालिका में में दिए गए हैं।

विवरण	यूओएम	2021-22	2022-23	2023-24	पीओआई
उत्पादन	%	-	9%	106%	60%
घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा	%	-	-42%	8%	4%

क्षमता उपयोग	%	-	-3%	-3%	1%
मालसूची	%	-	178%	1534%	210%
लाभ	%	-	422%	-38%	6%
नकद लाभ	%	-	477%	-10%	1%
आरओसीई	%	-	137%	-34%	5%

x. पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता

207. आवेदक ने यह भी दावा किया है कि बाजार में काफी कम कीमत वाले आयात की मौजूदगी ने किसी भी अतिरिक्त क्षमता विस्तार के लिए निवेश जुटाने की उसकी क्षमता को प्रभावित किया है। यह अनुरोध किया गया है कि यदि वर्तमान परिदृश्य जारी रहता है, तो इसका निवेश अत्यधिक अप्रयुक्त रहने की संभावना है और कोई नया निवेश नहीं आएगा।

